


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक
# श्रीकंचनपथ
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 18 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्त्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 1 नवंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...

### रेलवे में 596 पदों पर भर्ती, नोटिफिकेशन जारी, 12 वीं पास से लेकर ग्रेजुएट तक कर सकते हैं आवेदन

**भिलाई।** रेलवे में नौकरी का सपना देखने वाले युवाओं के लिए अच्छी खबर है। रेलवे जल्द ही 596 पदों पर भर्ती करने जा रहा है। जिसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ (आरआरसी), मध्य रेलवे ने नियमित रेलवे कर्मचारियों से स्टेनोग्राफर, वरिष्ठ वाणिज्यिक क्लर्क सह टिकट क्लर्क, स्टेशन मास्टर, जूनियर लेखा सहायक सहित विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह पद सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (जीडीसीई) के जरिए भरे जाएंगे।

#### 596 पदों को भरा जाएगा

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार कुल 596 पदों को भरा जाएगा। हालांकि, आरपीएफ आरपीएसएफइन पदों के लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं। 12वीं उत्तीर्ण से लेकर स्नातक डिग्रीधारक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। सामान्य अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु 42 वर्ष होगी। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट मिलेगी। आयु सीमा की गणना 1 जनवरी, 2023 से की जाएगी।

#### 28 नवंबर अंतिम तिथि

अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट rrccr.com पर लॉगिन कर 28 नवंबर (रात 11.59 बजे) तक आवेदन कर सकते हैं। इन पदों के लिए कोई आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा। चयन लिखित परीक्षा, स्पीड/स्किल टेस्ट (जहां भी लागू हो), दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सा परीक्षण के आधार पर किया जाएगा।

### राज्योत्सव के जश्न में डूबा छत्तीसगढ़, आदिवासी नृत्य महोत्सव भी शुरू

# मांदर की थाप पर थिरके सीएम बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित राज्योत्सव व आदिवासी नृत्य महोत्सव का मंगलवार को रंगारंग आगाज हुआ। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दीप प्रज्ज्वलित कर राज्योत्सव के साथ ही तीन दिवसीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आदिवासी नगाड़ा बजाकर इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्यगीत अरपा पैरी के धार गाया गया। इस मौके पर संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जनजातीय समूह का प्रतीक चिह्न मांदर भेंट किया। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष को गौर मुकुटठ पहनाया। मांदर की थाप पर मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष थिरक उठे।



साइंस कॉलेज मैदान पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का सबसे पहले राजकीय गमछा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। बाद में उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। राज्यगीत गाया गया उसके बाद नगाड़ा बज उठा। एक साथ दर्शक दीर्घा में बैठे विभिन्न राज्यों से आये कलाकारों ने अपने नगाड़े, तुरही, मांदर, झांझ, चंग आदि को एक साथ बजाया। पूरा माहौल आदिम वाद्य यंत्रों की विविध ध्वनियों से गूंज उठा। इस बीच मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के पोस्टल स्टैम्प का विमोचन किया। वहीं राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव-2021 पर केंद्रित एक कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया गया।

मंचीय औपचारिकता पूरी होते ही देशी-विदेशी नर्तक दलों का मार्चपास्ट शुरू हुआ। मुख्य मंच और दर्शकों के बीच बने एक रैंप से विभिन्न दलों के कलाकार अपनी नृत्य शैलियों की झलक लेकर गुजरे। बैंड ने सारे जहां से अच्छा की धुन बजाई और सबसे पहले मिस्त्र के लोक कलाकारों ने मार्चपास्ट शुरू किया। उसके बाद इंडोनेशिया, मालदीव, मोजाम्बिक, मंगोलिया, न्यूजीलैंड, रुस, रवांडा, सर्बिया और टोंगो गणराज्य के नर्तक दल मंच के सामने से गुजरे। उनके बाद भारतीय राज्यों से आये लोक कलाकारों ने अपनी विशिष्ट संस्कृति को पेश करती झलकियां पेश की। शुरुआत आंध्र प्रदेश से हुआ। उसके बाद अरुणाचल प्रदेश, असम, जम्मू कश्मीर, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, लद्दाख सहित विभिन्न राज्यों के कलाकारों ने मार्च पास्ट किया।

- मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि मनुष्य का इतिहास जितना पुराना है उतना ही पुराना नृत्य का इतिहास है।
- दुनियाभर के आदिवासियों की नृत्य शैली, वाद्ययंत्र में समानता है।
- आदिम नृत्य की यह परंपरा एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक आई है, इस तरह से हम आज यहां पहुंचे हैं।
- समय के बदलाव के साथ जीवन के तौर तरीके में बदलाव आया है।
- इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य आदिवासियों की परंपरा को बचाए रखने और पूरी दुनिया की आदिम संस्कृति आगे बढ़ाने और उनका संवर्धन करने से है।
- प्रकृति पर पूरी मनुष्यता का एक जैसा अधिकार हो, सभी प्रकृति का संरक्षण करें।
- विकास की गलत अवधारणा के कारण आज प्रकृति ही खतरे में पड़ गयी है।
- छत्तीसगढ़ आदिवासियों और किसानों का प्रदेश है। राज्य के आंदोलन में जिन मूल्यों को लेकर आंदोलन हुआ, हमारी सरकार उस सोच को लेकर आगे बढ़ रही है।







## राज्योत्सव पर मुख्यमंत्री का तोहफा, एक कॉल पर घर बैठे बनेगा 5 साल तक के बच्चों का आधार कार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप नागरिकों को आवश्यक सेवायें घर पर ही उपलब्ध कराने के लिये मुख्यमंत्री मितान योजना शुरू की गयी थी । इस योजना की सफलता को देखते हुये 1 नवंबर से इसमें एक और सेवा को जोड़ा जा रहा है। इस योजना के तहत अब 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार मितान द्वारा घर आकर बनाया जाएगा। टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल कर अपनी सुविधानुसार अप्वाइंटमेंट बुक किया जा सकता है। आवेदक द्वारा दी गयी नियत तिथि एवं समय अनुसार मितान घर आकर बच्चों का आधार पंजीकरण करने आएंगे। पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण होने के कुछ ही दिनों में बच्चे का आधार आवेदक द्वारा दिए गए पते पर आ जाएगा।




मुख्यमंत्री मितान योजना के माध्यम से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार बनाने के लिए राशन कार्ड, सीजीएसएस/ स्टेट गवर्नमेंट/ ईसीएचएस/ ईएसआईसी /मेडिकल कार्ड, आर्मी कैंटीन कार्ड, पासपोर्ट, बर्थ सर्टिफिकेट, राज्य अथवा केंद्र सरकार द्वारा जारी परिवार से संबंधित दस्तावेज, बच्चों के आधार पंजीकरण के समय माता, पिता मे से किसी एक का आधार नंबर एवं बायोमेट्रिक अनिवार्य होगा।


### छोटे बच्चों का आधार बनाने के लाभ

5 वर्ष तक के बच्चों का आधार बनाने से विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए महत्वपूर्ण होता है। छोटे बच्चों का आधार बनाने से यह एक डिजिटल फोटो पहचान के रूप में भी काम आता है। इसके अतिरिक्त पासपोर्ट, पेन कार्ड, बैंक खाता के लिए भी आधार कार्ड उपयोगी रहेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मितान योजना को फिलहाल प्रदेश के 14 नगर निगमों में शुरू किया गया है जिसे बाद मे प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में शुरू किया जाएगा । इस योजना में अब तक जन्म प्रमाण-पत्र,मृत्यु प्रमाण-पत्र,विवाह प्रमाण-पत्र,जाति प्रमाण-पत्र,निवास प्रमाण-पत्र जैसे ज़रूरी सेवाएं घर बैठे मिल रही हैं।

### नजारा सुनहरी छटा का...

भिलाई। महापर्व छठ की सुनहरी छटा का नजारा हर कोई कैद करना चाहता है,लेकिन कुछ तस्वीरें इतनी जीवंत होती है कि उसे देखकर फोटोग्राफर की तारीफ किए बिना नहीं रह सकते। ऐसी ही कुछ तस्वीरें शौकीया फोटोग्राफर परेश कठाले ने छठ पर्व पर ली।





## ओडिशा से आ रहा धान, गरियाबंद जिले में 700 बोरा धान जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ में एक नवंबर से धान खरीदी शुरू हो गई है। प्रदेश सरकार द्वारा दिए जा रहे समर्थन मूल्य के कारण पड़ोसी राज्य ओड़िशा से बड़ी मात्रा में धान का अवैध परिवहन हो रहा है। ओड़िशा से लगे छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में धान खरीदी शुरू होने से पहले ही ओड़िशा से आए धान का अवैध भंडारण कर लिया गया है। जिले की स्ठरूअर्पिता पाठक ने सोमवार को अपनी टीम के साथ 3 गावों में छापेमारी कर 708 बोरा धान जब्त किया है। जब्त धान की कीमत 5 लाख से भी ज्यादा बताई जा रही है।

धान खरीदी शुरू होने से पहले सीमावर्ती जिलों में ओड़िशा से आने वाले धान की खपत बढ़ जाती है। बीते तीन चार दिनों ने गरियाबंद जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। यहां 28 अक्टूबर को सुपेबेड़ा में 4 किसानों के घर से 243 बोरा और छत्तीसगढ़ सीमा पार करते पिकअप से 65 बोरा धान जब्त किया गया। जब्त धान की कीमत 2 लाख 21 हजार 760 रुपए थी। इसी कड़ी में एसडीएम अर्पिता पाठक 30 और 31 अक्टूबर को छापेमारी की। इस दौरान 1 गावों में 5 लाख 9 हजार रुपए का धान जब्त किया है।

### ओड़िशा का धान खपाने तैयार रहते हैं दलाल

हर साल छत्तीसगढ़ में ओड़िशा का धान खपाने के लिए दलाल तैयार रहते हैं। सरकार के निर्देश पर एक नवंबर से सीमावर्ती जिलों में चेक पोस्ट शुरू कर दिया गया है। खासकर ओड़िशा से आने वाले धान पर नजर रखने में यह चेक पोस्ट काफी फायदेमंद साबित होंगे। सीमावर्ती जिलों में जिन किसानों का रकबा कम होता है वे किसान ओड़िशा के धान को खपाते हैं और इसके लिए दलाल पहले से लग जाते हैं। सरकार खासतौर पर इस पर नजर रखने का प्लान कर रही है।

## आदिवासियों को कितना जानते हैं हम

श्रीकंचनपथ

गुस्ताखी माफ - दीपक रंजन दास

छत्तीसगढ़ आज पूरे 22 वर्ष का हो गया. इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया गया है. देश विदेश के आदिवासी छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर तीन दिनों तक अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे. इनमें से कुछ दलों ने यहां उतरते ही एयरपोर्ट पर 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया' का नारा लगाया है. आदिवासी नृत्य हम सभी के जीवन का हिस्सा रहे हैं. स्कूल कालेज के दिनों में वार्षिकोत्सव के अवसर पर आदिवासी नृत्य भी प्रस्तुत किये जाते थे. हालांकि दर्शकों को अंत तक बांधे रखने के लिए भांगड़ा की प्रस्तुति अंत में की जाती थी. लोग इसका बेसब्री से इंतजार भी करते थे. आदिवासी नृत्य की तैयारी थोड़ी कठिन होती थी. हर कोई इसके लिए तैयार नहीं होता था. चेहरे पर कालिख पोतकर, सिर पर रंग बिरंगे पंख और कमर पर पत्तों की कोपिन लपेटकर जब हम भाला लेकर डांस करते थे तो घर वाले भी ग्रुप में पहचानने की सिर्फकोशिश ही कर पाते थे. हिन्दी फिल्मों में भी आदिवासी नृत्यों को खूब शामिल किया गया. इसमें देश विदेश की आदिवासी बोलियों और गीत का इस्तेमाल किया जाता था. आदिवासी समाज के साथ हमारा सम्पर्क और हमारी जरूरत बस इतनी ही थी. देश में स्वतंत्रता का बिगुल सबसे पहले फूंकने वाले आदिवासियों को हमने इतिहास में खास तवज्जो नहीं दी. समय के साथ जब लोग जरूरत से ज्यादा खबड़े हो गए तो चापड़ा चटनी से लेकर बोड़ा और करील को भी अपनी थाली में शामिल कर लिया. बावजूद इसके आदिवासी जीवन के बारे में हम केवल इतना ही जानते थे कि ये दिन भर जंगलों में भटकते हैं, सल्फी-ताड़ी-महुआ पीते हैं, रात को आदिवासी वाद्ययंत्रों पर नाचते गाते हैं और फिर चुपचाप सो जाते हैं. जिस चेंद्रू मंडावी को अंग्रेज ढूंढकर चले गए, उसे पहचान देने में भी हमें 50 साल लग गए. पर आदिवासी जीवन का मतलब केवल इतना ही नहीं है. बाद के वर्षों में हमने जाना कि सल्फी का एक पेड़ आदिवासी के लिए घर के कमाऊ पूत जितना महत्वपूर्ण है. सल्फी बेचकर वह चार पैसे नगद घर ला पाता है. वनोपज संग्रहों को तो शहरी लोग लगभग लूटकर ही ले जाते रहे हैं. पर अब छत्तीसगढ़ बदल रहा है. वनोपजों का अच्छा मूल्य और नगद खरीदी की व्यवस्था ने वनवासियों को किसानों की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है. इसके साथ ही गांवों की तरफलौटती छत्तीसगढ़ सरकार पर्यावरण और प्रकृति के साथ बेहतर सामंजस्य बैठाने की कोशिश कर रही है. पर कुछ घटनाएं आज भी दिल को कचोटती हैं. जामड़ी पाट में आदिवासियों की आस्था पर हमले किये गए और हम सब खामोश बैठे रहे. पेसा कानून लागू होने के बाद भी आदिवासियों का विस्थापन जारी है. मध्यभारत का फेफड़ा कहे जाने वाले हसदेव अरण्य के जंगलों का विनाश हो रहा है, आदिवासियों और वन्यप्राणियों का विस्थापन किया जा रहा है. कई स्थानों पर आदिवासी और पुलिस प्रशासन आमने सामने हैं. दोनों एक दूसरे को संदेह की नजर से देखते हैं. इस संघर्ष में हम यह भूल जाते हैं कि आदिवासी उस प्रकृति को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं जिसकी जरूरत हम सबको है.

## राज्योत्सव के साथ ही प्रदेश में आज से धान खरीदी शुरू
## खाद्य मंत्री भगत ने किया महाभियान का शुभारंभ

- **इस साल 110 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का अनुमान**
- **25.72 लाख किसानों का पंजीयन**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** खाद्यमंत्री अमरजीत भगत ने रायपुर जिले के मंदिरहसौद सहकारी समिति में मां अन्नपूर्णा देवी की अराधना कर धान खरीदी महाभियान का शुभारंभ किया। राज्योत्सव के साथ ही आज से प्रदेश के पंजीकृत किसानों से धान खरीदी शुरू हो गयी है। मंत्री श्री भगत ने प्रदेश में आज से शुरू हो रहे धान खरीदी के महाभियान पर किसानों और प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से प्रदेश में खेती-किसानी में नये उत्साह का संचार हुआ है। खेतों से दूर हो रहे किसान खेतों की ओर लौटे हैं और खेती का रकबा भी बढ़ा है।

राज्योत्सव के साथ ही खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में प्रदेश के पंजीकृत किसानों से आज से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गयी है। इस वर्ष लगभग 110 लाख मीट्रिक



धान का उपार्जन अनुमानित है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए राज्य में 25.72 लाख किसानों का एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 61 हजार नये किसान है। राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 2497 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। इस साल किसानों से सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा।

मंत्री भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप खरीफविपणन वर्ष 2022-23 के लिए एक नवम्बर 2022 से धान ,खरीदी शुरू हो गयी है। किसानों से सुगमतापूर्वक धान खरीदी के लिए राज्य शासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाएं कर ली गई है। किसानों को धान बेचने में किसी भी तरह की दिक्कत न आए, इसको लेकर सभी केन्द्रों में बेहतर प्रबंध किए जाने के साथ ही व्यवस्था पर मॉनिटरिंग के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। धान खरीदी हेतु बारदाने की व्यवस्था कर ली गई है। धान खरीदी के लिए सभी समितियों में पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग के लिए मिलर्स का पंजीयन किया जा रहा है। राज्य में अवैध धान की आवक रोकने तथा संवेदनशील उपार्जन केन्द्रों पर निगरानी के लिए नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। सीमावर्ती सोसायटियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। अन्य राज्यों से छत्तीसगढ़ में धान का अवैध परिवहन न हो, इसकी रोकथाम के लिए चेकपोस्ट भी बनाए गए हैं, जहां अधिकारियों की टीम माल वाहकों पर कड़ी निगरानी रखेगी।

इस मौके पर मार्कफेड के एमडी मनोज के. सोनी, समिति के अध्यक्ष प्रताप सिंह ध्रुव, नगर पंचायत मंदिर हसौद के अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



### ग्राम ढौर में भी हुई शुरूआत

भिलाई। राज्योत्सव के साथ ही खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में प्रदेश के पंजीकृत किसानों से आज से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गयी है। इसी क्रम में आज ग्राम ढौर में भी विधिवत धान खरीदी का महाभियान की शुरूआत हुई। वहीं ग्राम कचान्दुर से जितेन्द्र कुमार सेन ने सबसे पहले 60 कट्टा धान बेचने की शुरूआत की।

## संपादकीय

# हादसों से सबक

कोई भी हादसा, जिसमें किसी की जान जाती है, मानवता और उसकी ताकत-तरक्की पर प्रश्नचिह्न लगा जाता है। गुजरात के मोरबी शहर में केबल पुल टूटने की वजह से 140 से ज्यादा लोगों का काल के गाल में समा जाना पूरे देश को झकझोर गया है। उधर, दक्षिण कोरिया में हैलोवीन उत्सव पर एक संकरी गली में मची भगदड़ ने 150 से ज्यादा लोगों को अपना ग्रास बना लिया है। अब यह अफसोस ही है कि दुनिया में ऐसे हादसों से हम बच सकते थे। जब हम पड़ताल करेंगे, तो कदम-कदम पर लापरवाही की उतरती सीढ़ियां नजर आएंगी। यह निस्संदेह गहरी संवेदना जताने का समय है, जिन लोगों ने अपने परिजन खोए हैं, उनके साथ हर तरह से खड़े होने का समय है। हम गौर करें, तो पाएंगे कि कदम-कदम पर लापरवाहियों ने ऐसा जाल बुना कि मानवता लहूलुहान हो गई। अब यह हादसा भुलाए न भूलेगा। यह जानकर आश्चर्य होता है कि 142 साल से भी ज्यादा पुराने इस पुल के जीर्णोद्धार का काम घड़ी बनाने वाली एक कंपनी को दिया गया था। क्या ऐसे केबल पुलों का जीर्णोद्धार करने वाली विशेषज्ञ कंपनियां अपने देश में नहीं हैं, अगर अपने देश में किसी कंपनी के पास फुरसत न थी, तो किसी विशेषज्ञ विदेशी कंपनी को भी यह काम दिया जा सकता था। अपनी पसंद के आधार पर किसी भी कंपनी को ठेका देने का इधर जो चलन प्रभावी हुआ है, वह कितना घातक हो सकता है, मोरबी केबल पुल हादसा मिसाल है। अगर हम किसी भी कंपनी को किसी भी काम का ठेका देने लगे हैं, तो हम यह सुनिश्चित नहीं कर रहे हैं कि हमें विशेषज्ञ सेवाएं या सुविधाएं हासिल हों। ऐसे सवाल लंबे समय तक शासन-प्रशासन का पीछा करेंगे कि पुल बिना फिटनेस प्रमाणपत्र के कैसे खोला गया? मच्छू नदी पर बना यह केबल पुल लगभग सात महीने मरम्मत के लिए बंद रहा था। 26 अक्तूबर को गुजराती नववर्ष के मौके पर इसे फिर से खोला गया था। रविवार को पुल पर बेहिसाब भीड़ जुटी। बताते हैं कि 150 लोगों का भार सहने में सक्षम पुल पर चढ़ने के लिए पांच सौ लोगों का टिकट काट दिया गया। क्या कमाई के लोभ में पुल की वास्तविक ताकत को भुला दिया गया था? अनेक लोगों को इस हादसे के लिए गिरफ्तार किया गया है, यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दोषियों के खिलाफकोई नरमी न बरती जाए। भारतीय राजनीति में ऐसे हादसों पर भी राजनीति करने की परंपरा है, तो जाहिर है, मोरबी मामले में भी राजनीति होगी। गुजरात में सत्तारूढ़ भाजपा आज निशाने पर है, तो वह राजनीति न करने की नसीहत दूसरी पार्टियों को दे रही है। मोरबी हो या दक्षिण कोरिया हादसे के लिए शासन-प्रशासन के जो भी अपराधी-लापरवाह तत्व जिम्मेदार हैं, उन्हें अगले हादसे की गुंजाइश पैदा करने के लिए खुला नहीं छोड़ना चाहिए। कॉरपोरेट और सरकारी महकमों में एक बड़ी जमात है, जिसने लापरवाही, कोताही को अपना बुनियादी स्वभाव बना लिया है। निस्संदेह तब मानवता रो रही होगी, जब दक्षिण कोरिया में महज चार मीटर चौड़ी गली में एक लाख से ज्यादा लोग घुस गए और भगदड़ मच गई। जिस हिसाब से दुनिया में आबादी बढ़ रही है, जिस मात्रा में भीड़ जुट रही है, हर जगह सतर्क रहने की जरूरत है। अब समय आ गया है कि सजग लोग किसी भी भीड़ का हिस्सा होने से बचें और अपने आसपास किसी भी हादसे की आशंका के विरुद्ध पुरजोर खड़े हो जाएं। लोगों की सजगता से ही शायद सरकारों की नींद खुलेगी।

> “ यह जानकर आश्चर्य होता है कि 142 साल से भी ज्यादा पुराने इस पुल के जीर्णोद्धार का काम घड़ी बनाने वाली एक कंपनी को दिया गया था। क्या ऐसे केबल पुलों का जीर्णोद्धार करने वाली विशेषज्ञ कंपनियां अपने देश में नहीं हैं, अगर अपने देश में किसी कंपनी के पास फुरसत न थी, तो किसी विशेषज्ञ विदेशी कंपनी को भी यह काम दिया जा सकता था।

## आदर्श मां का मार्गदर्शन

मदालसा नाम की एक विदुषी द्रविड़ साधिका थीं। उनका विवाह काशी के राजा चित्रसेन से तय हुआ, पर विवाह से ठीक पहले उन्होंने राजा के आगे एक शर्त रख दी, ‘संतान की शिक्षा व पालन-पोषण की पूरी जिम्मेदारी मेरी होगी और जिस दिन आप इसमें हस्तक्षेप करेंगे, मैं आपसे अलग हो जाऊंगी।’ शर्त मान ली गई और उनका विवाह हो गया। उनके तीन बच्चे हुए। पहले का नाम विक्रांत रखा गया। मदालसा ने विक्रांत को बचपन से ही लोरियों के जरिये आध्यात्मिक शिक्षा देनी शुरू कर दी। उनकी ऐसी ही एक लोरी का भाव था, ‘मेरे पुत्र! तुम एक विशुद्ध इकाई हो। यह दुनिया एक तमाशा है, जो पल-पल बदलता रहता है। इसलिए अज्ञानता की नींद से जागो और वास्तविकता को पहचानो! ऐसे विचारों के बीच पला-बढ़ा विक्रांत जब बारह वर्ष की अवस्था में पहुंचा, तब संन्यास ले लिया। राजा चित्रसेन के लिए एक बड़ा आघात था, क्योंकि उन्होंने विक्रांत को अपना उत्तराधिकारी बनाने की योजना बनाई थी। दूसरा बेटा भी मदालसा की शिक्षा-दीक्षा में पहले के नक्शेकदम पर चला। इसके बाद तीसरे बेटे अलारका पर मां ने अपना ध्यान केंद्रित किया। एक दिन राजा महल में टहल रहे थे, तो उन्होंने सुना कि वही आध्यात्मिक लोरी अलारका को भी सुनाई जा रही है। राजा चित्रसेन उसी समय मदालसा के पास पहुंचे और कहा, ‘अब से अलारका की देखभाल मैं स्वयं करूंगा और उसे गोद में उठा लिया।

> “ देश के भिन्न हिस्सों में पार्टी की कई सभाओं में जयश्री राम के नारे भी लगाए गए हैं और यह भी भुला दिया गया कि इसका कॉपीराइट तो किसी अन्य के पास है। शायद यह भुला दिया गया है कि कांग्रेस इसी चक्कर में अपना दामन जला चुकी है। उसने एक बार अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत अयोध्या से की थी और एक चुनाव के मौके पर बाबरी मस्जिद का ताला खुलवाने में मदद की थी, दोनों बार उन्हें मुंह की खानी पड़ी।

# धर्म की आंच पर किसकी गलेगी दाल

विभूति नारायण राय, पूर्व आईपीएस अधिकारी



दुनिया भर के राजनेताओं की तरह भारतीय राजनेता भी अपने वक्तव्य चुनावी नफे-नुकसान को ध्यान में रखकर ही देते हैं। इस लिए जब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नोटों पर लक्ष्मी गणेश के चित्र छापने की मांग की, तो किसी को आश्चर्य नहीं हुआ। यह अलग बात है कि उन्होंने जो तर्क इस अनुरोध के पीछे दिए हैं, वे जरूर कौतूहल पैदा करने वाले हैं। सार्वजनिक जानकारी सही है, तो केजरीवाल आईआईटी से पढ़े हुए हैं, इसलिए जब वे कहते हैं कि अर्थव्यवस्था को सुधारने का एक तरीका है कि भारतीय नोटों पर लक्ष्मी गणेश के चित्र छापे जाएं, तो स्वाभाविक रूप से हमें ब्रिटिश मतदाताओं पर तरस आता है, जिन्होंने बाजार की गिरावट थामने के लिए अपना प्रधानमंत्री ही बदल डाला। मेरे जैसे भोजपुरिया के मन में कसक है कि उन्हें दरिद्दर भगाने का हमारा शर्तिया इलाज नहीं याद आया अन्यथा तो वह रिजर्व बैंक को सलाह देते कि उनकी हर शाखा में दीवाली के मौके पर सूप जरूर पीटा जाए। शायद बिहार के अगले चुनाव में यह भी याद आ जाए।

धर्म को ध्यान में रखकर की जाने वाली राजनीति की एक सीमा यह है कि इसमें भाषा के स्तर पर निरंतर बदलाव की जरूरत पड़ती है। कुछ दशक पहले एक फिल्म आई थी शोले। उसमें हिंसा को एक खास मुकाम दिया गया था। तब तक बनी किसी भी बम्बइया फिल्म से बहुत क्रूर थी इसकी हिंसा। सिनेमा घरों में इसने धूम मचा दी और बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए थे, पर जब उसकी नकल पर और फिल्में बनीं, तो लगभग सभी पिट गईं। दर्शक अधिक की मांग कर रहे थे और निर्माता निर्देशकों की सांसें फूली जा रही थीं। कुछ ऐसा ही प्रयोग 1970 के दशक में पंजाब में हुआ। ज्ञानी जैल सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस ने अपने कार्यक्रमों को अरदास से शुरू करने का प्रयास किया और बुरी तरह से पिटे। पंथ के धार्मिक प्रतीकों का अकालियों द्वारा प्रयोग कांग्रेस के मुकाबले अधिक विश्वसनीय लगता था। एक बार इस दौड़ में शरीक होते ही जो प्रतिस्पर्धा शुरू होती है, उसमें दौड़ना सबके बस का नहीं है।

मुद्रा पर लक्ष्मी गणेश के चित्रों की मांग भी प्रतिस्पर्धी और बड़ी हिंदू छवि निर्मित करने का प्रयास अधिक प्रतीत होती है। इस मामले में आम आदमी पार्टी पहले से ही बहुत सतर्क व्यवहार करती रही है। शाहीन बाग जैसे आंदोलन में भी पार्टी खुलकर किसी पक्ष में नहीं दिखी थी। दिल्ली के उत्तर पूर्व जिले में सांप्रदायिक दंगों के दौरान पार्टी का वीतराग भी इसी रणनीति का हिस्सा था। अनेक लोगों को शिकायत है कि पीड़ितों को राहत पहुंचाने की दिशा में ज्यादा प्रभावी हस्तक्षेप नहीं किया गया। देश के भिन्न हिस्सों में पार्टी की कई सभाओं में जयश्री राम के नारे भी लगाए गए हैं और यह भी भुला दिया गया कि इसका कॉपीराइट तो किसी अन्य के पास है। शायद यह भुला दिया गया है कि कांग्रेस इसी चक्कर में अपना दामन जला चुकी है। उसने एक बार अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत अयोध्या से की थी और एक चुनाव के मौके पर बाबरी मस्जिद का ताला खुलवाने में मदद की थी, दोनों बार उन्हें मुंह की खानी पड़ी। दोनों बार भाजपा ज्यादा बड़ी हिंदू साबित हुई। आज तक कांग्रेस उस धक्के से उबरी नहीं है और उत्तर प्रदेश, बिहार जैसे बड़े राज्यों से तो उसका पूरा जनाधार ही इसी चक्कर में खिसक गया। न खुदा ही मिला, न विसाले सनम। राहुल या प्रियंका की चुनावी मौकों पर मंदिरों में शीश नवाती, गंगा स्नान करती या जनेऊ धारण की हुई छवि बहुत विश्वसनीय नहीं बन पाती है। इसीलिए हिंदुत्व के पाले में घुसकर भाजपा को ललकारने पर हमेशा हार की आशंका बनी रहती है। अनुभव तो यही कहता है।

1952 के पहले आम चुनावों से ही धर्म और जाति राजनैतिक दलों और मतदाताओं, दोनों के लिए चुनौती बने हुए हैं। संविधान निर्माताओं की मंशा बड़ी स्पष्ट थी कि चुनाव प्रक्रिया में इनकी दखलंदाजी कम से कम हो, पर शायद ही कोई चुनाव इनसे मुक्त रहे हों। कोई दल इस क्षेत्र में पूरी तरह से पाक साफ नहीं रहा। डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने अपनी आत्मकथा में अफसोस जाहिर किया था कि 1935 के चुनावों में भी कांग्रेस ने अपने टिकट धर्म और जाति को ध्यान में रखकर बांटे थे। शुरुआती सालों में जब आजादी की लड़ाई के मूल्य राजनीति में हावी थे या राष्ट्र निर्माण की भावना बलवती रहती, चुनावी मुहावरों में धार्मिक प्रतीक कम मिलते थे, पर जैसे-जैसे आदर्शवाद कमजोर पड़ता गया धर्म और जाति के लिए जगह बढ़ती गई। तीसरे चौथे आम चुनावों तक तो ये ही जीतने के लिए सबसे बड़े औजार बन गए। साफ-सुथरे चुनावों के लिए बना चुनाव आयोग भी कभी बहुत प्रभावशाली हस्तक्षेप नहीं कर सका। यह समझ आज तक विकसित नहीं हो पाई कि धर्मनिरपेक्षता चुनाव जीतने के लिए नहीं, राष्ट्र निर्माण के लिए जरूरी है और दुर्भाग्य से इधर अनेक बयान इस विचार को ही नष्ट कर देते हैं।

मुद्रा पर लक्ष्मी गणेश की प्रतिमा छाप कर बेरोजगारी दूर करने या महंगाई पर नियंत्रण करने के सुझाव में और भी खतरे निहित हैं। सबसे बड़ा खतरा तो शिक्षा के क्षेत्र दिल्ली की सरकार ने जो हासिल किया है, उसी के नष्ट होने का है। क्या दिल्ली सरकार अपने स्कूलों में बच्चों को अर्थशास्त्र की पाठ्यपुस्तकों में यह पढ़ाना शुरू करेगी कि आर्थिक गिरावट रोकने के लिए नोटों पर लक्ष्मी गणेश की तस्वीर छापनी चाहिए। ऐसा करके भारतीय संविधान की उस अपेक्षा का भी उल्लंघन ही होगा, जो उसने राज्य से कर रखी है। संविधान राज्य से अपेक्षा करता है कि वह नागरिकों में वैज्ञानिक चेतना विकसित करे। हमारी शिक्षा व्यवस्था के बड़े आलोचक भी यह तो मानेंगे ही कि आधी अधूरी सही, पर भारतीय बच्चों की समझ कुछ हद तक वैज्ञानिक हुई है। किसी भी धर्म का छात्र अब यह मानता है कि सूरज नहीं, बल्कि पृथ्वी घूमती है या सृष्टि सिर्फ छह दिनों में नहीं बनी, बल्कि लाखों सालों में विकसित हुई है। अभी भी बहुत से जाले हैं, पर दिल्ली के मुख्यमंत्री की मांग मान ली गई, तो ये साफ होने की जगह और घने ही होंगे।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# अपना बोया बबूल ही काटने को मजबूर यूरोपीय नेता

संदीपन देब, वरिष्ठ पत्रकार



यूरोप एक बगीचा है और दुनिया का बाकी ज्यादातर हिस्सा जंगल है। जंगल कभी बगीचे पर हमला कर सकता है। कुछ दिनों पहले यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने युवा यूरोपीय राजनयिकों की एक बैठक में इस भावना का इजहार किया। उन्होंने अपने श्रोताओं को जंगल जाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा, ‘आपका कर्तव्य सिर्फबगीचे की देखभाल करना नहीं, बल्कि बाहर के जंगल की देखभाल करना होगा।

बोरेल के शब्दों से गलत भावना के संकेत मिल रहे थे, उन्हें माफी मांगनी पड़ी, लेकिन क्या उन्होंने जो कहा, उससे हमें आश्चर्य होना चाहिए? बोरेल ने जो कुछ भी कहा है, वह बहुत साफ है। यूक्रेन में चल रहे युद्ध पर जो लोग ध्यान दे रहे हैं, वो अच्छे से समझ रहे होंगे। दरअसल, बोरेल की इच्छा यह बताने की है कि पश्चिम और उसके नेताओं ने दुनिया में वास्तव में नस्लवाद और उपनिवेशवाद को कभी बढ़ावा नहीं दिया है।

युद्ध के शुरुआती दिनों में प्रमुख ब्रिटिश और अमेरिकी समाचार चैनलों के संवाददाताओं ने आश्चर्य व्यक्त किया था कि नीली आंखों और सुनहरे बालों वाले लोग, जो अपेक्षाकृत सभ्य माने जाते हैं, एक ऐसे देश में मारे जा रहे हैं, जो इराक या अफगानिस्तान नहीं है। दूसरी ओर, याद कीजिए, भारत जब रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों के मुताबिक नहीं चल रहा था, तब एक अमेरिकी नौकरशाह सार्वजनिक रूप से परिणाम की चेतावनी देने के लिए नई दिल्ली पहुंच गया था। दरअसल, बोरेल यह सुझाव देना चाहते हैं कि यूरोप नैतिक रूप से दुनिया के बाकी हिस्सों से बेहतर है, इसलिए सभी को उसके नेतृत्व को मानना चाहिए। यूरोप राजनीतिक स्वतंत्रता, आर्थिक समृद्धि व सामाजिक सामंजस्य का सर्वोत्तम संयोजन है। हालांकि, यह भी माना जाता है कि होमो सेपियन्स के यूरोपीय ताज की महिमा इतिहास में बेजोड़ है, जो सदियों तक लूट-पाट और नरसंहार के जरिये हासिल की गई है। सितंबर में ही यूरोपीय संघ ने पर्यावरण संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए तंजानिया-युगांडा तेल पाइपलाइन परियोजना को समाप्त करने की अपील की है। दोनों देशों ने यूरोपीय संघ से पीछे हटने को कहा। युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी ने यूरोपीय संघ को असहिष्णु, उथला, अहंकारी तक कहा। ऊर्जा संकट झेल रहे यूरोप को कुछ सप्ताह पहले ही बड़ा झटका लगा है, पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) ने तेल उत्पादन में कटौती कर दी है।

सवाल है, यूरोपीय बगीचे का असली मालिक कौन है? अपने भाषण में बोरेल ने कहा कि यूरोपीय संघ अब अमेरिका का आंख बंद करके अनुसरण नहीं कर रहा है। हालांकि, जब से युद्ध शुरू हुआ है, ऐसा लगता है कि यूरोप वाशिंगटन से ही सारे संकेत ले रहा है, साथ ही अमेरिका की तुलना में युद्ध की ज्यादा कीमत चुका रहा है। यूरोपीय संघ के देश अमेरिका व चीन से उच्च दरों पर गैस खरीद रहे हैं, जो उन्हें रूसी गैस का ही अच्छे लाभ पर पुनर्विक्रय कर रहे हैं। अभी तक युद्ध में रूस व यूरोप, दोनों हारे हुए हैं, लेकिन कोई तो जीता होगा। इस युद्ध को यकीनन जंगल में जाने वाले बागवानों ने अपरिहार्य बना दिया था। मॉस्को के विरोध के बावजूद अमेरिकी नेतृत्व ने नाटो के सैन्य ठिकानों को रूस के करीब ले जाना जारी रखा। इस बात के अकाट्य प्रमाण हैं कि अमेरिका ने यूक्रेन में 2014 की ‘ऑरेंज रिवॉल्यूशन’ का वित्त पोषण किया था, तब मास्को समर्थित और लोकतांत्रिक रूप से चुने गए राष्ट्रपति को देश से भागना पड़ा था। तत्कालीन उप-राष्ट्रपति जो बाइडन अमेरिका की यूक्रेन नीति के प्रभारी थे। शासन में उस बदलाव के तुरंत बाद उनके बेटे हंटर बाइडन 50,000 डॉलर के मासिक वेतन पर एक यूक्रेनी ऊर्जा फर्म, बरिस्मा के बोर्ड में शामिल हो गए थे। रूस के व्लादिमीर पुतिन ने क्रीमिया पर कब्जा करके ‘ऑरेंज क्रांति’ का जवाब दिया था। यूक्रेन युद्ध के कारण आज यूरोप गहरी मंदी की ओर बढ़ रहा है। बगीचे पर हमले हो रहे हैं, लेकिन नुकसान के लिए काफी हद तक बागवान खुद जिम्मेदार हैं। यूरोप गिरावट की ओर जा रहा है और गिरावट तब तक नहीं रुकेगी, जब तक इसके नेताओं को यह एहसास नहीं हो जाता कि उनके साम्राज्य की उम्र बहुत हो गई है और उनकी श्रेष्ठता, वैश्विक प्रभाव की धारणा एक भ्रम है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# संस्कृत कविता और भारतीय परंपरा के अग्रदूत श्रीनिवास रथ

डॉ. संजय कुमार

आधुनिक संस्कृत के नवीन चिन्तक, नवीन सर्जक तथा नवीन रचनाधर्मी एवं अभिनवकालिदास के नाम से विख्यात श्रीनिवास रथ का जन्म कार्तिक पूर्णिमा 1 नवंबर 1933 ई . पुरी -उड़ीसा में हुआ था। उनके माता का नाम लक्ष्मीदेवी तथा पिता का नाम पं. जगन्नाथ शास्त्री काव्यतीर्थ था। जो गोपाल दिगंबर जैन महाविद्यालय,मुरैना में संस्कृत के प्राध्यापक थे। गद्यचिंतामणि, प्रमेयकमलमार्तंड एवं शाकटायन आदि ग्रंथों का बड़े सहज भाव से इनके पिता अध्यापन करते थे। श्रीनिवास रथ की प्रारंभिक शिक्षा पिता के सानिध्य में ही प्रारंभ हुई। इस प्रकार मुरैना से ही मध्यमा, उत्तर मध्यमा की परीक्षा उत्तीर्ण करके 1947 ई. में जिस समय भारत कठिन संघर्ष द्वारा स्वतंत्रता प्राप्त किया उसी समय एस.डी. कॉलेज, सहारनपुर से आप इंटरमीडिएट की परीक्षा स सम्मान उत्तीर्ण किये। तत्पश्चात विक्टोरिया कॉलेज, ग्वालियर से बी.ए.की परीक्षा उत्तीर्ण कर काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी से स्वर्ण पदक के साथ स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त किये ।यद्यपि आप स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त कर लिए थे फिर भी ज्ञान की पिपासा शांत न होने के कारण राजकीय संस्कृत महाविद्यालय जो संप्रति संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के नाम से विख्यात है वहां से साहित्याचार्य की उपाधि भी ग्रहण किये। इस तरह प्रोफेसर रथ साहब प्राची एवं प्रतीची दोनों शिक्षा पद्धति से अपना ज्ञान वर्धन किए और संस्कृत अध्ययन ङ्कअध्यापन को ही अपने जीवन का लक्ष बना लिए। परिणाम स्वरूप सागर विश्वविद्यालय जो वर्तमान में डाक्टर हरीसिंह गौर विश्विद्यालय ,सागर(म.प्र.) में व्याख्याता के पद पर 1955 से कार्य करने लगे। उनकी विद्वत्ता , संस्कृत के प्रति लगन और निष्ठा के कारण संस्कृत विभाग -विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) के प्रारंभिक वर्ष में ही 195। ई. में आप नियुक्त हो गए ।यही पर आचार्य ,अध्यक्ष, संकायाध्यक्ष आदि महनीय पदों को अलंकृत करते हुए 1993 ई. सेवा निवृत्त हो गए। लेकिन आप सरकारी सेवा से निबृत्त हुए न कि अध्ययन , अध्यापन और लेखन की अपनी प्रवृत्ति से। आप सदैव अपने ज्ञान और लेखन से संस्कृत जगत आलोकित करते रहे। आपका संस्कृत छंद गानअद्भुत था जो कोई एक बार सुन लें तो वह श्रुति के सामान उसका स्मरण रखता था।

आधुनिक संस्कृत में प्रो,श्री निवास रथ का विशेषस्थान है। इन्होने तदेव गगनं सैव धरा, भारतीय कवितायें, बाणस्यातिद्वयी कथा, बलदेवचरितम आदि मूल रचनाओं के साथ भास कृत ऊरुभंगम् और मेघदूतम् का सरल हिंदी अनुवाद भी पुस्तक के रूप में प्रकाशित है। साथ ही शोधलेख , समस्यापूर्ति एवं अभिनन्दन पत्र भी आपके द्वारा लिखा गया है जिसकी गणना श्रेष्ठ कवि कर्म के रूप में की जाती है। श्रीनिवास रथ संस्कृत कविता के बेजोड़ महारथी हैं। कविता की कमनीयता और रसपेशलाता पग- पग पर दिखलाई पड़ती है। उनके कविता में युगबोध मिलता है। लगभग पचास वर्षों के लेखन काल में निरंतर जीवन के विविध पक्षों को ही आप साहित्य पटल अंकित करते हुए दिखलाई पड़ते हैं। आप आप संस्कृत साहित्य के बदलते हुए परिवेश में प्रत्येक समसामयिक आंदोलन आधुनिकता के विविध पक्ष, समकालीन जीवन को प्रभावित करने वाली कविताएं लिखें हैं ।आपकी कविताएँ सदैव वर्तमान से संबाद करती हुई दिखलाई पड़ती हैं। सनातन बोध में स्थित होकर आप जो अनुभव करते हैं वही साहित्य में उतरते भी हैं जिसका उदहारण तदेव गगनं सैव धरा है। जिसमें 162 संस्कृत कवितायें संकलित हैं। प्रो. रथ भारत के अनेक अकादमियों के पदों पर भी अपने दायित्त्व का निर्वाह किये हैं। कालिदास अकादमी, उज्जैन के निदेशक, सिंधिया प्राच्य शोध संस्थान, उज्जैन के निदेशक, महर्षि सान्दिपनी वेद विद्या प्रतिष्ठान के कोषाध्यक्षके साथ उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के मानद निदेशक आदि के साथ विश्विद्यालय अनुदान आयोग व विभिन्न विश्विद्यालयों के अकादमिक समितियों के सदस्य भी आप रह चुके हैं । ऐसे कम लोग होते जो लेखन और प्रशासन दोनों में दक्ष रहते हों लेकिन उनमें से आप एक हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:- 9827806026, 7869620239

ओम क्रियेशन कार्ड्स
• फैंसी एनवेलोप्स • वेडिंग कार्ड • कैलेंडर
आकर्षक, मनमोहक, फैंसी
शादी कार्ड
रायपुर से कम दाम में
शॉप नं. 9301816830, मो.-9301182010
पचरी पारा, कुआ चौक, बस स्टैण्ड रोड, दुर्ग

ओम यूनिफॉर्म
स्कूल यूनिफॉर्म एंड जनरल ऑर्डर सप्लायर्स
रवि अग्रवाल-9302834646
इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स के पास, दुर्ग

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196



गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)



Surana Jewellers
Certified Gems
Mo. 9303452485
Jawahar Chowk, Durg



कोठारी ज्वेलर्स
सोने-चांदी के आभूषणों के विक्रेता एवं निर्माता
जवाहर चौक, दुर्ग 491001
0788-2249990
94252-42323 नितिन
98261-29990 पवन
93029- 29990



महक सेनीटेशन



आपके शहर में सेनेटरी का भव्य शोरूम
सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144






# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़









## भिलाई में सड़कों के मरम्मत एवं संधारण का कार्य प्रारंभ, सड़के हो रही है दुरुस्त

### सिविक सेंटर के अर्जुन रथ परिसर का होगा कायाकल्प, आत्मानंद स्कूल में बनेगी हाईटेक लाइब्रेरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निरीक्षण कर लिया जायजा**

भिलाई। भिलाई में सड़कों के मरम्मत और संधारण का कार्य प्रारंभ हो गया है। सड़क संधारण एवं मरम्मत कार्य का निरीक्षण महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने संयुक्त रूप से किया। उल्लेखनीय है कि सड़कों की स्थिति सुधारने के निर्देश माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी ने दिए है, इसके परिपालन में तत्परता दिखाते हुए भिलाई निगम ने इस पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया है।



सिविक सेंटर के अर्जुन रथ परिसर में होने वाले सौंदर्यीकरण कार्य का भी अवलोकन महापौर एवं आयुक्त ने किया। अर्जुन रथ परिसर में आकर्षक लाइटिंग, लैंडस्कैपिंग, बाउंड्री वॉल दुरुस्त करने का कार्य, अर्जुन रथ प्रतिमा के पेडेस्टल में आकर्षक स्टोन लगाने का कार्य, पाथवे निर्माण कार्य तथा भव्य प्रवेश द्वार निर्माण के साथ ही अन्य प्रकार के कार्य किए जाएंगे, इसकी विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा चुकी है। इसके लिए महापौर एवं आयुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर शीघ्र कार्य करने कहा। गौरतलब है कि विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल के प्रयासों से सिविक सेंटर का कायाकल्प हो रहा है। बेहतर पार्किंग के साथ ही इसके सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सेक्टर 6 का आत्मानंद स्कूल अब हाईटेक लैब से लैस होगा। इस स्कूल में सबसे हटकर लैब का निर्माण किया जाएगा। मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत लोगों को जोड़ते हुए एस्ट्रोनॉमी एवं फाइनेंसियल लैब खोलने की तैयारी स्कूल में की जा रही है, इसके लिए आज स्कूल के सभी कक्ष का निरीक्षण महापौर एवं आयुक्त ने संयुक्त रूप से किया तथा प्राचार्य से इसको लेकर विस्तार से चर्चा की। इन लैबो के खुलने से बच्चों को अपने ज्ञान को बढ़ाकर प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिलेगा। स्कूल में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी महापौर एवं आयुक्त ने ली। आत्मानंद स्कूल में अब तक कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं जिसके तहत डोम शेड, बाउंड्री वाल निर्माण, पेंटिंग एवं लाइटिंग कार्य, प्रथम तल पर अतिरिक्त कमरा एवं शौचालय निर्माण, शौचालय एवं कक्ष का संधारण कार्य पूर्ण हो चुका है, इसके अतिरिक्त बच्चों को खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए बास्केटबॉल कोर्ट, वालीबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट तैयार किया जा रहा है इसके अलावा स्कूल में जरूरत के मुताबिक अन्य विकास कार्य भी होंगे। अब आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा माहौल मिल रहा है। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त खिरोद भोई, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, सहायक अभियंता वसीम खान एवं उप अभियंता अर्पित बंजारे आदि मौजूद रहे।

## आचार्य नरेंद्र देव, सरदार पटेल और इंदिरा गांधी का योगदान याद किया

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान भिलाई, आचार्य नरेंद्र देव स्मृति जन अधिकार अभियान समिति छत्तीसगढ़ और चंद्रशेखर फाउंडेशन की ओर से संयुक्त रूप से समाजवाद के पुरोधा आचार्य नरेंद्र देव और देश के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती सोमवार 31 अक्टूबर को मनाई गई। वहीं भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर उनका बलिदान याद किया गया। एचएससीएल कालोनी रूआबांधा में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने आचार्य नरेंद्र देव,सरदार वल्लभ भाई पटेल और स्व. इंदिरा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर प्रतिष्ठान के अध्यक्ष समाजवादी जनता पार्टी (चंद्रशेखर) के राष्ट्रीय महासचिव आर पी शर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी यह भली-भांति जानते थे कि दुनिया के लिए जितना नुकसानदेह और खतरनाक फासीवाद है, उससे कम खतरनाक साम्राज्यवाद नहीं है। ऐसे वक्त आचार्य नरेंद्र देव ही थे जो गांधी साथ खड़े थे। उन्होंने कहा कि इसकी एक बड़ी वजह शायद यह भी है कि साम्राज्यवाद और समाजवाद की जो समझ जवाहरलाल नेहरू को यूरोपीय जगत से प्राप्त हुई, इसके ठीक विपरीत आचार्य नरेंद्र देव को यह विरासत एशियाई और भारतीय देशज परंपरा से प्राप्त हुई। उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल को अपनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश के एकीकरण में सरदार का योगदान अतुलनीय है लेकिन आज उनके नाम का सियासी मतलब के लिए कुछ राजनीतिक दल इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल भी गुजरात के थे लेकिन उन्होंने कभी आज के नेताओं की तरह कृत्य नहीं किया। आज गुजरात मॉडल के नाम पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, जिसकी पुष्टि बीती रात एक पुल के गिरने से भी हो गई। दरअसल, गुजरात मॉडल भ्रष्टाचार का जीवंत उदाहरण है और जनता इसे अब पूरी तरह समझ चुकी है। कहा कि आज आचार्य नरेंद्र देव और सरदार पटेल के आदर्श पर चलने की जरूरत है। उन्होंने भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की देश के प्रति सेवाओं को भी याद किया। इस अवसर पर एलके वर्मा, नंद किशोर साहू, कपिल यादव, त्रिलोक मिश्रा व अन्य भी उपस्थित थे।

## खास खबर

### राज्यपाल सुश्री उइके ने राज्य स्थापना दिवस की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने 1 नवंबर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ ने पिछले 22 वर्षों में हर क्षेत्र में प्रगति की है और प्रदेश का नाम देश में अग्रणी स्थान पर है। छत्तीसगढ़ में खनिज संपदा, वन संपदा, प्राकृतिक सौन्दर्य भरपूर है। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए इनके समुचित दोहन से राज्य में विकास का नया अध्याय लिखा जाएगा। छत्तीसगढ़ के सहज, सरल, शांतिप्रिय लोग प्रदेश की ताकत भी हैं और पहचान भी। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर हम सबको संकल्प लेना होगा विशेष कर युवाओं को कि अपने प्रदेश की विशेष पहचान बनाए रखने की दिशा मे कार्य करेंगे और प्रदेश को उन्नति की राह पर ले जाने के लिए सद्भाव से एकजुट होकर प्रयास करेंगे।

### दीपावली मिलन समारोह संपन्न

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल के द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन 29 अक्टूबर शनिवार को शाम 5:00 बजे से महिला समृद्धि बाजार, पुरानी बस्ती में किया गया है । दिवाली मिलन समारोह में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, विभिन्न समाजसेवी संगठनों के प्रमुख एवं मीडिया के साथी भी शामिल हुए । कन्हैया फैंस क्लब के राजेश त्रिवेदी ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, नागरिकों के साथ ही शहर के विशिष्ट जनो, प्रदेश के विभिन्न निगम, मंडल, आयोग के सदस्यों ने अपनी उपस्थिति प्रदान कर एक दूसरे को दीपावली की बधाई दी ।

### राज्यपाल ने एम्स रायपुर के वार्षिकोत्सव 'ओराएना 2022' का किया शुभारंभ

## चिकित्सकों और विद्यार्थियों के मनोरंजन और तनाव प्रबंधन में सहायक होगा यह आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। एम्स रायपुर ने पिछले कुछ वर्षों में चिकित्सा, अनुसंधान और शैक्षणिक गतिविधियों में विशेष उपलब्धि हासिल की है और देश में स्वास्थ्य क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उक्त बातें राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज एम्स रायपुर के वार्षिकोत्सव "ओराएना 2022" के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से कहीं। इस दौरान एम्स रायपुर के विद्यार्थियों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से नाटक व नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई।



राज्यपाल ने प्रस्तुति की सराहना करते हुए मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने, मनोरोग को नजरअंदाज न करने और इसके रोगियों से संवेदनशील व्यवहार करने का आग्रह किया। इस अवसर पर राज्यपाल और एम्स के चिकित्सकों ने संस्थान के वार्षिक स्मारिका का विमोचन किया।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में वार्षिक उत्सव के आयोजन के लिए एम्स प्रबंधन और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ओराएना का अर्थ 'सूर्योदय' है और विद्यार्थियों की उपस्थिति से वास्तव में यह परिसर सूर्योदय की लालिमा, शीतलता, और ऊर्जा का आभास करा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि कि युवाओं की यही ऊर्जा भविष्य के भारत को आकार देगी और विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाने का हमारा संकल्प पूरा होगा। राज्यपाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में तृतीयक स्तर की स्वास्थ्य सुविधाओं में निरंतर विस्तार हो रहा है। साथ ही ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों के मेडिकल की पढ़ाई करने में भाषाई अवरूद्धता को दूर करने में उनके नेतृत्व में महत्वपूर्ण पहल हुई है। हिन्दी में मेडिकल की पढ़ाई से भी लाखों युवाओं के डॉक्टर बनने का सपना साकार होगा।

राज्यपाल ने आगे कहा कि उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा मिलने से छत्तीसगढ़ और आस-पास के क्षेत्रवासियों के लिए एम्स रायपुर किसी वरदान से कम नहीं है। साथ ही संस्थान में प्रतिवर्ष हजारों विद्यार्थी मेडिकल की पढ़ाई पूरी कर चिकित्सक बन रहे हैं, जिससे बेहतर चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित हो पा रही है। उन्होंने कहा कि एक संस्थान के रूप में यह उपलब्धि भारत में स्वास्थ्य सुविधा के बढ़ते दायरे का सशक्त उदाहरण है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि चिकित्सक के रूप में आपके भावी जीवन में कई ऐसे मौके आएंगे, जब आपके प्रयासों से किसी की जान बचेगी या उनकी शारीरिक परेशानी दूर होगी, तभी वास्तव में आपको आत्मसंतुष्टि मिलेगी और इस पेशे के महत्व को समझ पाएंगे। उन्होंने आमजनों को सस्ता, सुगम और बेहतर इलाज कैसे मिले, इस दिशा में प्रयास करने पर जोर दिया।

राज्यपाल ने कहा कि हमें यह समझने की जरूरत है कि चिकित्सकीय पेशे का जितना संबंध अध्ययन से है, उतना ही मानवीय संवेदना और सतर्कता के साथ कार्य करने से। उन्होंने चिकित्सकों की कार्यशैली के बारे में बताते हुए उन्हें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी।

राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वार्षिक उत्सव में शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक और शारीरिक गतिविधियों का आयोजन चिकित्सकों और विद्यार्थियों के मनोरंजन और तनाव प्रबंधन में सहायक होगा। विद्यार्थी अपने रूचि के अनुरूप विधा या गतिविधि में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर पायेंगे और इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि वार्षिक उत्सव में मेडिकल के साथ-साथ इंजीनियरिंग, लॉ और गैर तकनीकी क्षेत्रों के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं और मुझे विश्वास है कि सभी विद्यार्थी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और खेल भावना को सर्वोपरि बनाए रखेंगे। राज्यपाल ने जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के बढ़ते मामलों के दृष्टिगत चिंता व्यक्त करते हुए एम्स प्रबंधन से आग्रह किया।

## सरकारी रोड की जमीन पर बनाया अवैध बाउंड्रीवाल, निगम ने कार्रवाही कर चलाया जेसीबी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम, दुर्ग क्षेत्रांतर्गत सरकारी रोड की जमीन पर अवैध कब्जा करने के मंसूबे कामयाब नही हो सके,आयुक्त लोकेश चंद्राकार के निर्देश पर भवन अधिकारी प्रकाश चंद थावनी के नेतृत्व एवं सहायक भवन अधिकारी गिरीश दीवान के मार्गदर्शन पर नगर निगम अतिक्रमण टीम ने वार्ड क्रमांक 58. नहर नाली रोड, कर्मचारी नगर, लक्ष्मी किराना के पास उरला, दुर्ग में संचालक मेघा ट्रेडर्स के द्वारा सड़क क्षेत्र से लगाकर बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य किया गया है, जिससे सड़क क्षेत्र एवं आवाजाही बाधित हो रही है। निगम टीम ने कार्रवाही कर अवैध कब्जा कर बनाई गई करीब चार से पांच फुट ऊची बाउंड्रीवाल को जेसीबी की मदद से तोड़कर हटवाया गया।अधिकारीयो ने सख्त लहजे में दोबारा अवैध कब्जा नही करने की चेतावनी दी। बाउंड्रीवाल तोड़ने की कार्रवाही के दौरान भवन निरीक्षण विनोद मांझी,अतिक्रमण अधिकारी शिव शर्मा,संजय सतनामी सहित पुलिस बल भी मौजूद रहें। अतिक्रमणकर्ता दुर्ग उरला में संचालक मेघा ट्रेडर्स द्वारा नोटिस को अनदेखा कर नोटिस का जवाब नही दिया गया। कार्रवाही करीब एक घंटे तक चली।

## गंदगी फैलाने वालो की खैर नही, दुकान के बाहर कचरा डालने पर निगम ने लगाया जुर्माना

### गंदगी फैलाने के अलावा प्लास्टिक वेस्ट या सामान्य कचरा जलाने पाए जाने वालों को भी जुर्माना देना पड़ सकता है

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। अगर आप दुर्ग शहर में कहीं भी सड़क,पार्क या खुले सार्वजनिक स्थान पर कचरा डालते है या गंदगी फैलाते है तो सावधान हो जाए। ऐसा करने पर आपको 100 रुपए से लेकर 2000 हजार रुपए तक का जुर्माना भरना पड़ सकता है।



नगर निगम दुर्ग आयुक्त लोकेश चंद्राकार के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के नेतृत्व में अमले ने गली,सड़क,नाली एवं दुकान के बाहर कचरा व गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना राशि निर्धारित की है।

साथ ही सभी जोन के स्वच्छ्ता निरीक्षक व सफाई दरोगा को लक्ष्य भी दिया है जो लोगो शहर को गंदगी करते पाए जाते है ऐसे लोगों का जुर्माना जरूर काटे। इस कड़ी में आज

वार्ड क्रमांक 46 जनता मार्केट आयुक्त लोकेश चंद्राकार के सुबह नियमित मॉनिटरिंग के दौरान ओम पान भंडार जनता मार्केट द्वारा नालियों के आस पास गंदगी फैलाने के कारण 1000 रुपए एवं यूनुस चाय सेंटर दुकान से 500 रुपए का जुर्माना की कार्रवाही की गई ।इस तरह गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 15 सौ रुपए का जुर्माना वसूला गया कार्रवाही के दौरान स्वास्थ्य विभाग सफाई दरोगा,सुरेश भारती, राजेन्द्र सर्राठे,मनोहर सेन्द्रे,राजू सिंह, रामलाल भट्ट समेत टीम ने दुकानदारो को समझाया कि इसी तरह नाई या सैलून की दुकान से हेयरकट का कचरा सड़क पर डालते पकड़े जाने पर दुकानदार को 500 रुपए तक का जुर्माना देना पड़ेगा।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर निगम आयुक्त रोहित व्यास सहित निगम के अधिकारी/कर्मचारियों ने ली शपथ

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास सहित निगम के अधिकारी/कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने की शपथ ली। इसके लिए अपने देशवासियों के बीच इस संदेश फैलाने का भरसक प्रयास करने तथा देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान सत्य निष्ठा से देने का संकल्प लिया गया। यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ओतप्रोत होकर लिया गया जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों के द्वारा संभव बनाया जा सका है।








# पुरखों के सपनों के अनुरूप गढ़ रहे नवा छत्तीसगढ़ः भूपेश बघेल

## मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर दी बधाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को 23वें राज्य स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ निर्माण के लिए हमारे पुरखों ने जो सपना देखा था, उन सपनों को साकार करने की दिशा में हम लगातार काम कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने पिछले चार वर्षों में लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए अनेक नवाचारी कार्यों की शुरूआत की है।



मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि राज्य की बागडोर संभालते ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संभालने का काम हमने किया। किसानों की कर्ज माफी और उन्हें उपज की वाजिब कीमत दिलाने की पहल की। जल, जंगल, जमीन से जुड़े वनवासियों को वनाधिकार पट्टे, सामुदायिक वन संसाधन अधिकार दिए गए, अनुसूचित क्षेत्रों में पेसा कानून को प्रभावी बनाया गया है। किसानों और ग्रामीणों को राज्य की अर्थव्यवस्था में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सुराजी गांव योजना शुरू की। गौठानों में आर्थिक गतिविधियों के लिए महिला समूहों को वर्मी कम्पोस्ट निर्माण से जोड़ा गया। अब इस कार्य को और आगे बढ़ाते हुए गौठानों में रूरल इण्डस्ट्रीयल पार्क बनाए जा रहे हैं। इसका सीधा फायदा युवाओं को मिल रहा है। इससे गांवों में रोजगार के नये-नये अवसर बढ़ रहे हैं।

राज्य के समावेशी विकास के लिए हमने न्याय योजनाओं राजीव गांधी किसान न्याय योजना और गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की शुरूआत की। इन न्याय योजनाओं से समाज के सभी वर्गों को आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। राज्य में चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के जमीनी परिणाम आज सकारात्मक रूप में हमारे सामने हैं। राज्य की जनहितैषी योजनाओं के साथ हम 'न्याय' का एक नया अध्याय लिख रहे हैं और 'नवा छत्तीसगढ़' गढ़ने की ओर सतत अग्रसर हैं। यही कारण है छत्तीसगढ़ में बेरोजगार देश में सबसे कम है।

श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, संस्कार और संसाधनों को संरक्षित और संवर्धित करने के साथ ही सुलभ और सुचारू प्रशासन व्यवस्था लागू करने की दिशा में कदम उठाए हैं। विकास प्रदेश के हर कोने और हर व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए नई प्रशासनिक ईकाइयों का गठन किया गया है। पिछले चार सालों में छह नये जिले, 85 तहसील और 11 नये अनुविभाग बनाए गए हैं।

छत्तीसगढ़ देश का एक मात्र राज्य है जो कोदो, कुटकी, रागी की खेती के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत सब्सिडी दे रहा है। गोधन न्याय योजना में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के साथ-साथ अब गौ-मूत्र की खरीदी की जा रही है। मुख्यमंत्री मितान योजना के अंतर्गत नागरिकों को घर बैठे शासकीय दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में रियायती मूल्य पर जरूरतमंदों को दवाईयां उपलब्ध कराई जा रही है।

समर्थन मूल्य में धान खरीदी और राजीव गांधी किसान न्याय योजना ने राज्य के किसानों का हौसला बढ़ाया, जो किसान खेती-किसानी छोड़ चुके थे। उन किसानों ने भी अब खेती-किसानी की ओर रूख किया है। इस वर्ष धान की खरीदी के लिए 110 लाख मीटरिक टन का लक्ष्य रखा गया है। धान खरीदी का काम पूरे राज्य में एक नवम्बर से शुरू हो रहा है।

शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल और स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए गए हैं। जरूरतमंदों को इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना में गरीब परिवारों को 5 लाख रूपए तथा अन्य परिवारों सालाना 50 हजार रूपए तक की सहायता और मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना में गंभीर रोगों के इलाज के लिए 20 लाख रूपए तक की सहायता दी जा रही है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ किया गया है। इसके साथ ही साथ मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, दाई-दीदी क्लिनिक योजना प्रारंभ की गई है। राज्य सरकार सभी वर्गों को साथ में लेकर छत्तीसगढ़ को समृद्ध एवं विकसित राज्य बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

## खास खबर



### संसार में होता वही है जो होना है, जीव का व्यर्थ में रोना है : विशुद्ध सागर

**रायपुर (ए)।** ज्ञानियों आज से जीवन में मुस्कुराओ, क्योंकि होता वही है जो होता है,जीव व्यर्थ में रोता है। यह सूत्र अपने-अपने घर में टांग लेना,जहां तुम रोने बैठते हो वहां पहले टांगना,चाहे काम बने या बिगड़े लेकिन जो होता है सो होता है, फिर ज्ञानी क्यों व्यर्थ में रोता है ? कितने लोग सोचते रहे मेरे घर बालक का जन्म हो जाए लेकिन हुआ ही नहीं, कितने लोग सोचते हैं मुझे बिटिया मिले लेकिन बेटा हो रहा है। ज्ञानियों व्यर्थ में सोचने से कोई फायदा नहीं,जो होना है वही होगा। कुछ लोग सोचते हैं मैं गरीब हो जाऊं तो कुछ लोग सोचते हैं मैं धनी हो जाऊं,लेकिन नहीं बन पाते हैं। सूत्र सत्य है कि होता वही है जो होना है,जीव का व्यर्थ में रोना है। यह संदेश सोमवार को सन्मति नगर फाफाडीह में पंचकल्याणक महोत्सव के प्रथम दिवस आचार्य विशुद्ध सागर ने दिया।

आचार्यश्री ने कहा कि संसार में दुख कहीं नहीं हैं और सुख की सोच नहीं है,यदि सुख की सोच बन जाए तो दुख कहीं नहीं है और सोच को भी तोड़ना चाहिए दुख कहीं भी नहीं है। संयोग भी सत्य है और वियोग भी सत्य है, अब दुख किस बात का है ? सोच समझ में आना चाहिए, व्यवस्थित विचार आना चाहिए,विचार पवित्र है तो ज्ञानी संपूर्ण दुख का समापन है। कुछ समय आंख बंद करके भी सत्य को जानने के लिए देना चाहिए और कुछ समय आंख खोलकर सत्य को जानना चाहिए। जगत में कितने जीव अच्छे लोगों का चेहरा ही देख कर खुश होते हैं, कुछ वे लोग होते हैं जो बन कर आते हैं तब भी लोग देखने नहीं आते, कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो बन कर नहीं आते हैं दुनिया देखने जाती है। जो नाटक का पात्र है वह बनके आता है लेकिन तीर्थंकर प्रभु बनकर आते हैं तो सौधर्म इंद्र हजार नेत्रों से देखने आता है।

# कलेक्टर डॉ. भुरे ने जन चौपाल में सुनी नागरिकों की समस्याएं



## रायपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने आवेदन देकर बताई अपनी समस्याएं

## आज जन चौपाल में 15 से अधिक आवेदन मिलें


श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने अपने कार्यालय कक्ष में जनचौपाल के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने जनचौपाल के माध्यम से जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आए नागरिकों, ग्रामीणजनों, महिलाओं, वृद्धजनों की समस्याओं को सुना और आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आज जन चौपाल में 15 से अधिक लोगों ने आवेदन दिया। इन आवेदनों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए कलेक्टर डॉ. भुरे ने संबंधित अधिकारियों से दुरभाष पर चर्चा कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली और यथासंभव कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

आज जनचौपाल में अकोली के सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश दीवान ने अकोली-मांढर सड़क की आवश्यक मरम्मत करवाने के लिए आवेदन किया, जिस पर कलेक्टर ने एस.डी.एम रायपुर को फोन कर तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार चंगोराभांठा निवासी केशव प्रसाद तिवारी ने अपनी दुकान पुत्र को दान देने की अनुमति लेने के लिए आवेदन किया। कलेक्टर ने प्रकरण को उचित प्रतिवेदन के लिए भेजने की जानकारी दी। इंदिरा चौक, अभनपुर निवासी विभा पांडे, ने मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक सहायता योजना का लाभ दिलाने आवेदन दिया, कुकरीपारा निवासी फ़ज़ल हक़ ने बैंक द्वारा लोन राशि गबन करने की शिकायत लेकर आवेदन दिया, बजरंग नगर आमापारा निवासी पूर्णिमा साहू ने छूटा हुआ कार्य वापिस दिलवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।

जनचौपाल में ग्राम बरतोरी के नागरिकों ने सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक द्वारा गौठान और कचरा शेड निर्माण में घोटाला किए जाने की शिकायत की। डॉ. भुरे ने तत्काल जांच कर मौका मुआयना कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश एसडीएम को दिए। वृंदावन नगर, कुशालपुर के निवासियों ने चबूतरा निर्माण करवाने के लिए और कुशालपर के प्रेम देवांगन ने सड़क का गड्ढा मरम्मत कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।जिस पर कलेक्टर डॉ भुरे ने रायपुर एसडीएम को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# नाबार्ड परियोजना समीक्षा हेतु गठित हाई पावर कमेटी की बैठक सम्पन्न




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में नाबार्ड के अंतर्गत ग्रामीण आधारभूत सुविधा विकास निधि (आरआईडीएफ) पोषित परियोजनाओं की समीक्षा हेतु गठित हाई पावर कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में चालू वित्तीय वर्ष में नाबार्ड के अंतर्गत ऋण प्रस्तावों एवं प्रतिपूर्ति दावों और नाबार्ड द्वारा स्वीकृत विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य सचिव ने राज्य शासन के विभिन्न विभागों कृषि, सिंचाई, पी.एच.ई., लोक निर्माण, स्वास्थ्य, खाद्य तथा अन्य विभागों के अंतर्गत नाबार्ड द्वारा स्वीकृत ऋण परियोजनाओं के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। स्वीकृत ऋण की राशि निर्धारित समय सीमा में आहरित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। बैठक में नाबार्ड के पास आधारभूत सुविधा विकास निधि के अंतर्गत विचाराधीन ऋण प्रस्तावों पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश नाबार्ड के अधिकारियों को दिए गए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये आयोजित इस बैठक में वित्त विभाग की सचिव अलरमेल मंगई डी., लोक निर्माण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव प्रसन्ना आर., खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा, सचिव स्कूल शिक्षा और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग डॉ. एस. भारतीदासन तथा नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक सुश्री सुपर्णा टण्डन सहित नाबार्ड एवं अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

# छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव आदिवासी कला और कलाकारों को आगे बढ़ाने का बड़ा माध्यम

## विभिन्न राज्यों से आए आदिवासी कलाकारों ने साझा की अपनी भावनाएं

## राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव-2022 में देंगे अपनी प्रस्तुति

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर तीसरी बार राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस बार यह आयोजन 1 से 3 नवंबर तक राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में किया जा रहा है। इस आयोजन में हिस्सा लेने पहुंचे विभिन्न राज्यों के आदिवासी कलाकारों ने राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव को लेकर अपनी भावनाएं साझा कीं। उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ में होने वाला राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव, राज्य की आदिवासी कला और संस्कृति के साथ ही देश के अन्य राज्यों की आदिवासी कला और कलाकारों को आगे बढ़ाने तथा नयी पहचान दिलाने के लिए बड़ा माध्यम बन रहा है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने आदिवासी हितों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं बनायी हैं। छत्तीसगढ़ में आदिवासियों और वनवासियों को अधिकार सम्पन्न बनाने वंचितों को वन अधिकार पत्र, वन संसाधन पत्र प्रदान करने से लेकर पेसा कानून बनाकर ग्राम सभा को शक्ति संपन्न बनाया गया। लोहाण्डीगुड़ा में 1707 किसानों की 42 सौ एकड़ से अधिक अधिगृहीत जमीन उन्हें लौटाने की पहल की गई। वहीं आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ में आदिवासी समुदाय की महत्ता को समझते हुए विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सार्वजनिक सामान्य अवकाश घोषित किया गया।

छत्तीसगढ़ में समृद्ध आदिवासी कला और संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नयी पहचान दिलाने के प्रयास मुख्यमंत्री बघेल ने किए। इसी कड़ी का हिस्सा देवगुड़ियों और घोटुल के संरक्षण व संवर्धन के साथ बस्तर में आदिवासी संग्रहालय की स्थापना और राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन है। वर्ष 2019, वर्ष 2021 के बाद अब वर्ष 2022 में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आदिवासी कलाकारों के साथ ही देश के सभी राज्यों व केन्द्र शाषित प्रदेशों के कलाकार और 10 देशों के 1500 से अधिक कलाकार हिस्सा लेने पहुंच रहे हैं। चर्चा के दौरान इन कलाकारों ने इस आयोजन को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव-2022 में अपनी टीम के साथ दिसमा नृत्य शैली की प्रस्तुति देने पहुंचे आंध्रप्रदेश के टीम लीडर के. मधुकर ने बताया कि वे 2019 में आयोजित कार्यक्रम का हिस्सा बने थे। उस दौरान उन्हें देश के अन्य राज्यों और विदेशी आदिवासी कलाकारों की प्रस्तुति देखकर बहुत सी नयी और रोचक चीजें सीखने को मिलीं। उस वक्त छत्तीसगढ़ का गौर नृत्य उन्हें खूब भाया था। मधुकर ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में होने वाला राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव अपने आप में अनूठा है। यहां उन्हें एक ऐसा मंच मिलता है, जिसके माध्यम से वे अपनी कला, संस्कृति और प्रतिभा को दुनियाभर के लोगों के बीच पहुंचा सकते हैं। इससे उन्हें नयी पहचान बनाने में मदद मिल रही है।

इसी तरह तेलंगाना से लंबाडी नृत्य की प्रस्तुति देने राघवेन्द्र अपनी 15 सदस्यीय टीम लेकर पहुंचे हैं। बकौल राघवेन्द्र, लंबाडी नृत्य के माध्यम से जीवनशैली को प्रस्तुत किया जाता है लेकिन यहां राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में उन्हें देश और विदेश के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासियों की जीवनशैली भी अन्य नृत्य शैली में देखने को मिलती है। उन्होंने इस आयोजन को लेकर कहा कि, छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव जैसे आयोजनों से पता चलता है कि राज्य के मुख्यमंत्री, आदिवासी समुदाय के लिए कितने संवेदनशील हैं। राघवेन्द्र ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि कोई मुख्यमंत्री आदिवासी कला, संस्कृति को आगे बढ़ाने और नयी पहचान दिलाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने इस आयोजन को आदिवासी कला, संस्कृति की समृद्धि के लिए एक बड़ा जरिया बताया।

# संस्कृत विद्यामंडलम् के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. सुरेश शर्मा ने पदभार ग्रहण किया



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में संस्कृत विद्यामंडलम् के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. सुरेश शर्मा और सदस्य डॉ. तोयनिधि वैष्णव ने आज शाम संस्कृत विद्यामंडलम् के कार्यालय में मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ इतिहासकार डॉ. रमेन्द्रनाथ मिश्र, सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल प्रोफेसर व्ही.के. गोयल, सदस्य राकेश शर्मा, संस्कृत के विद्वान डॉ. सुखदेव राम साहू, ललित शर्मा, संस्कृत कॉलेज के डॉ. संतोष तिवारी, संस्कृत विद्यामंडलम् की प्रभारी सचिव पूर्णिमा पाण्डेय, सहायक संचालक लक्ष्मण प्रसाद साहू और अधिकारी-कर्मचारियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. सुरेश शर्मा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ पहला राज्य है जहां संस्कृत के विद्यार्थियों के लिए व्यवसायिक पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। प्रदेश में संचालित सभी आत्मानंद स्कूलों में संस्कृत के शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है, उसे सभी के सहायोग से पूरा करने का प्रयास करेंगे। उल्लेखनीय है कि डॉ. सुरेश शर्मा 15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम् के सचिव रहे हैं।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# केट शर्मा ने व्हाइट ड्रेस में दिखाया हुस्न का जलवा



एक्ट्रेस केट शर्मा अपने बोल्ड अंदाज और हॉटनेस से फैंस के बीच जलवा बिखेरने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी एक झलक के लिए फैंस बेताब रहते हैं। वहीं, व्हाइट आउटफिट में वो काफी कातिलाना नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस केट शर्मा व्हाइट कलर के बोल्ड आउटफिट में नजर आ रही हैं। केट शर्मा का ये कातिलाना अंदाज फैंस को काफी भा रहा है। एक्ट्रेस केट शर्मा ने आउटफिट में इतने कट लगे हैं कि फैंस उनकी टोंड बॉडी को निहार रहे हैं। केट शर्मारूहदार और कुछ तो जरूरी है जैसी फिल्मों में नजर आई हैं। केट शर्मा अपनी बोल्ड तस्वीरें देने से कभी नहीं झिझकती हैं। वो कभी बिकिनी में शूट करवाती तो कभी बाथटब में टॉवेल लपेटकर फोटोशूट करवाती हैं। केट ने मशहूर फिल्म डायरेक्टर सुभाष घाई पर मीटू कैंपेन के तहत सुभाष घाई पर आरोप लगाया था। एक्ट्रेस केट शर्मा का असली नाम कोमल शर्मा है। केट शर्मा हर आउटफिट में अपना जलवा बिखेर ही देती हैं। उनकी तस्वीरों पर फैंस अपना जमकर प्यार बरसाते हैं। केट शर्मा भले ही फिल्मों में कुछ ज्यादा खास नहीं कर पाई हो लेकिन, इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस के 2.7 मिलियन फॉलोवर्स हैं।

# दोमुंहे बालों से निपटने के लिए जरूर आजमाएं ये घरेलू उपचार



स्पिलट एंड्स यानी दोमुंहे बाल एक बेहद आम समस्या हैं, लेकिन इनकी वजह से बालों की खूबसूरती कम हो जाती है। यह तब होते हैं जब आपके बालों में पर्याप्त नमी या पोषण की कमी होती है। दरअसल, हेयर कर्लर, स्ट्रेटनर, प्रदूषण और धूल के कारण बालों की नमी खत्म हो जाती है जिससे वह रूखे और दोमुंहे हो जाते हैं। आज हम आपको ऐसे चार घरेलू उपचार बताएंगे जिनसे आप अपने बालों की खूबसूरती को वापस ला सकती हैं।

## नारियल तेल से बालों की मालिश

आप अपने बालों में नारियल के तेल से मालिश कर सकती हैं। यह बहुत ही पुराना और लाभदायक उपाय है। इससे न केवल दोमुंहे बाल कम होंगे, बल्कि यह आपके बालों को मॉइश्चराइज और पोषण भी देगा। इससे आपके बाल तेजी से घने और लंबे होंगे। लाभ के लिए अपने बालों में हल्के गर्म नारियल तेल से मालिश करें और इन्हें करीब 30 मिनट के लिए शॉवर कैप से ढक लें। इसके बाद बालों को नॉर्मल पानी से धो लें।

## पपीता हेयर पैक

पपीता के हेयर पैक में विटामिन ए और अन्य आवश्यक पोषक तत्व मौजूद होते हैं। यह खराब, रूखे और बेजान बालों की मरम्मत करके दोमुंहे बालों को रोकता है और बालों के विकास को बढ़ावा देता है। यह आपके बालों को फिर से जीवंत और चमकदार भी बनाता है। इसे तैयार करने के लिए मैश किया हुए पपीते और दही को एक साथ मिलाकर अपने बालों में 15 मिनट तक लगाकर छोड़ दें, फिर बालों को पानी से धो लें।

## शहद का हेयर मास्क

शहद बहुत महत्वपूर्ण और पोषक तत्वों से भरपूर है। इसके इस्तेमाल से आपके बालों को नमी मिलेगी और यह सिर की त्वचा को रूखा होने से भी रोकेगा। यह आपके बालों को मजबूत बनाकर सुस्त बालों में चमक लाता है। शहद के जीवाणुरोधी गुण भी आपके स्कैल्प को साफ और ताजा रखते हैं। इसे बनाने के लिए शहद, दही और जैतून के तेल को एक साथ मिलाकर मिश्रण से अपने बालों पर मालिश करें और 20-25 मिनट बाद धो लें।

## एलोवेरा हेयर पैक

एलोवेरा रूखे बालों के लिए बहुत अच्छा माना जाता है क्योंकि इसमें मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं। यह स्कैल्प के संक्रमण से भी राहत दिलाता है। यह आपके दोमुंहे बालों को ठीक करके खराब बालों की मरम्मत करता है। एलोवेरा में मौजूद प्रोटियोलिटिक एंजाइम सिर की मृत कोशिकाओं को खत्म करता है और बालों के विकास को भी बढ़ावा देता है। एलोवेरा की पत्तियों से जेल निकालकर बालों में 30 से 40 मिनट तक लगाएं और फिर पानी से धो लें।

# जगन शक्ति की हीरो नंबर 1 में नजर आ सकते हैं टाइगर श्रॉफ

टाइगर श्रॉफ मौजूदा दौर के व्यस्त अभिनेताओं में शामिल हैं। अब उनके खाते से एक और प्रोजेक्ट जुड़ गया है। खबरों की मानें तो वह फिल्ममेकर जगन शक्ति की अगली फिल्म हीरो नंबर 1 में नजर आ सकते हैं। वाशु भगनानी और जैकी भगनानी इस फिल्म को प्रोड्यूस करने वाले हैं। उनकी प्रोडक्शन कंपनी पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले यह फिल्म बनेगी। यह एक्शन से भरपूर थ्रिलर फिल्म है, जिसे बड़े बजट में बनाया जाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार, टाइगर ने हीरो नंबर 1 के लिए जैकी और जगन के साथ हाथ मिलाया है। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है। एक सूत्र ने बताया, टाइगर, जैकी और जगन अपने तरह की एक बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर बनाने की सोच रहे हैं, जिसका उद्देश्य हीरोगिरी को वापस लाना है। इसके लिए हीरो नंबर 1 से बेहतर शीर्षक और क्या हो सकता है।

जगन पूजा एंटरटेनमेंट के लिए फिल्म बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनका यह ड्रीम प्रोजेक्ट माना जा रहा है। यूरोप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस फिल्म को शूट करने की योजना है। इस प्रोजेक्ट का प्री-प्रोडक्शन का काम जोर-शोर से चल रहा है। यह एक मिशन-आधारित फिल्म है, जिसमें एक खलनायक सहित कई दिलचस्प किरदार नजर आएंगे। फिल्म के अन्य बाकी कलाकारों की कास्टिंग एक महीने के भीतर होगी।

रिपोर्ट्स में बताया गया है कि टाइगर की इस फिल्म का गोविंदा की हीरो नंबर 1 से कोई लेना-देना नहीं है। शीर्षक भले एक समान हैं, लेकिन यह एक अलग फिल्म होगी। आज के संदर्भ की कहानी के हिसाब से इसका शीर्षक रखा गया है। गोविंदा की हीरो नंबर 1 1997 में रिलीज हुई एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। डेविड धवन के निर्देशन की इस फिल्म में गोविंदा की जोड़ी करिश्मा कपूर के साथ बनी थी।

# द इम्मोर्टल अश्वत्थामा से बाहर हुईं सारा अली खान ?




निर्देशक आदित्य धर की फिल्म द इम्मोर्टल अश्वत्थामा लंबे समय से अटकी हुई है। फिल्म की घोषणा होने के बाद लंबे समय तक इसपर कोई काम नहीं हुआ। माना जाने लगा कि फिल्म को बंद कर दिया गया है। हालांकि, कुछ दिन पहले खबर आई थी कि फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू होगी। दोबारा शुरू हुई फिल्म में सारा अली खान को हटाकर सामंथा रुथ प्रभु को लिया गया। अब सारा के फिल्म छोड़ने की वजह सामने आई है।

रिपोर्ट्स की मानें तो विक्की कौशल स्टारर इस फिल्म की स्क्रिप्ट को नए सिरे से लिखा गया जिसके बाद सारा फिल्म से बाहर हो गईं। पुरानी स्क्रिप्ट के अनुसार फिल्म में एक कम उम्र की लड़की की जरूरत थी। वहीं नई कहानी के हिसाब से परिपक्व लड़की की तलाश थी। नए शेड्यूल के लिए डेट्स नहीं मैच होने की वजह से भी सारा फिल्म से बाहर हुई हैं। फिलहाल इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की शूटिंग अगले साल गर्मियों में शुरू हो जाएगी। विक्की कौशल फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। फिलहाल फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम चल रहा है। यह एक बड़े स्तर की फिल्म है जिसके प्री-प्रोडक्शन में करीब 10 महीने का समय लगेगा। फिल्म के प्री-प्रोडक्शन में ही निर्माता अब तक अच्छा-खासा पैसा बहा चुके हैं। चर्चा है कि फिल्म पर करीब 30 करोड़ रुपये शूटिंग शुरू होने के पहले ही खर्च हो चुका है।

रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म को दो भागों में बनाया जाएगा। फिल्म के दोनों भाग की शूटिंग एक साथ की जाएगी। बता दें कि पहले फिल्म की घोषणा एक ट्रिलॉजी के रूप में की गई थी।

# सर्दियों में इन 5 होममेड बॉडी ऑयल का करें इस्तेमाल त्वचा रहेगी मॉइस्चराइज

सर्दियों में ठंडी हवा त्वचा को रूखा और बेजान बना सकती है। इससे कई तरह की अन्य त्वचा संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। अगर आप इन समस्याओं से सुरक्षित रहना चाहते हैं तो अपनी त्वचा को मॉइस्चराइज रखें। इस काम में बॉडी ऑयल आपकी मदद कर सकते हैं। आइए आज हम आपको घर में तैयार किए जाने वाले पांच बॉडी ऑयल बनाने के तरीके बताते हैं जिनका इस्तेमाल सर्दियों के दौरान करना त्वचा के लिए लाभदायक होगा।



## नीलगिरी बॉडी ऑयल

यह मॉइस्चराइजिंग बॉडी ऑयल एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है और त्वचा को कई समस्याओं से सुरक्षित रखते हुए नम रखने में मददगार है। लाभ के लिए नीलगिरी के तेल, मीठे बादाम के तेल, जोजोबा ऑयल और लेमनग्रास एसेंशियल ऑयल को एक साथ मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण को अपने शरीर पर लगाकर कुछ घंटे के लिए छोड़ दें। फिर नहाकर अपने शरीर को साफ कर लें।

## लैवेंडर बॉडी ऑयल

लैवेंडर बॉडी ऑयल आपकी त्वचा की देखभाल करने में अहम भूमिका निभा सकता है। यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट करने समेत पोषित करने में सहायक है। लाभ के लिए मीठे बादाम के तेल, लैवेंडर ऑयल, जोजोबा ऑयल, वनिला एसेंशियल ऑयल, कैमोमाइल ऑयल, लैवेंडर के फूल और चमेली के तेल को एक साथ मिलाएं। अब इस तेल के मिश्रण को अपने पूरे शरीर पर लगाएं।

## दालचीनी वाला बॉडी ऑयल

यह तेल आपको सर्दियों के दौरान गर्माहट महसूस कराने के साथ त्वचा को मॉइस्चराइज करने में मदद कर सकता है। एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर यह तेल त्वचा के संक्रमण को भी ठीक कर सकता है। लाभ के लिए एक कांच की बोतल में मीठे बादाम का तेल, जैतून का तेल, जोजोबा ऑयल, वनिला एसेंशियल ऑयल, दालचीनी का तेल, लौंग के तेल और दालचीनी की डंडी को एक साथ मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने पूरे शरीर पर लगाकर छोड़ दें।

## पेपरमिंट बॉडी ऑयल


यह गुणकारी तेल त्वचा को हाइड्रेट करने, सूरज की हानिकारक किरणों से सुरक्षित रखने समेत सूजन को कम करने में मदद कर सकता है। इस तेल के लाभ हासिल करने के लिए ग्रेपसीड ऑयल, पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल, विटामिन- ई ऑयल, लेमनग्रास एसेंशियल ऑयल और पुदीने की ताजी पत्तियों को एक साथ मिलाएं। इस मिश्रण को अपनी त्वचा पर लगाएं और कुछ घंटों के बाद नहा लें। इससे आपकी त्वचा में जान आ जाएगी।

## साइट्रस बॉडी ऑयल

साइट्रस बॉडी ऑयल भी त्वचा को मॉइस्चराइज करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए एक पैन में नारियल के तेल और जोजोबा ऑयल को एक साथ गरम करें। इसके बाद इसमें ग्रेपफरूट एसेंशियल ऑयल, लेमन एसेंशियल ऑयल और ऑरेंज एसेंशियल ऑयल डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को ठंडा करके एक बोतल में डालें और नियमित रूप से इसका इस्तेमाल करें। इससे आपको त्वचा संबंधी कई लाभ मिलेंगे।

# WhatsApp पर आया कमाल का फीचर अब फोटो सेंड करने से पहले मिलेगा यह ऑप्शन

स्मार्ट फोन वाट्सऐप यूज करने वालों के लिए खुशखबरी है। कंपनी वॉट्सऐप पर जल्द ही नया अपडेट देने जा रही है। इस अपडेट के बाद यूजर्स किसी फोटो को भेजने से पहले उसे ब्लर कर सकेंगे। फिलहाल ये फीचर बीटा वर्जन में है। इसके अलावा वाट्सऐप पर कई दूसरे नए फीचर्स भी आने वाले हैं। वॉट्सऐप एक्सपीरियंस बेस्ट करने के लिए कंपनी बदलाव करने जा रही है।



बता दें वाट्सऐप यूजर इंटरफेस को बेहतर करने के लिए समय-समय पर अपडेट जारी करता है। इन अपडेट को स्टेबल वर्जन पर रिलीज करने से पहले बीटा वर्जन पर टेस्ट किया जाता है। यानी स्टेबल वर्जन पर आने से पहले किसी भी फीचर को बीटा वर्जन पर टेस्ट किया जाता है। हाल में ही ऐप पर नया फीचर स्पॉट किया गया है। इससे वॉट्सऐप पर किसी फोटो को भेजते वक्त आप उसे ब्लर कर सकेंगे। कंपनी ड्रॉइंग टूल पर काम कर रही है, जिसकी मदद से आप किसी भी फोटो को ब्लर कर सकते हैं। इसकी मदद से आप फोटो के किसी भी पार्ट को आसानी से ब्लर कर सकेंगे।

बीटा यूजर्स को मिल रहा अपडेट वॉट्सऐप का ये फीचर फिलहाल बीटा फेज में है और वाट्सऐप ने इसे स्पॉट किया है। इस साल की शुरुआत में पब्लिकेशन ने जानकारी दी थी कि वॉट्सऐप इस फीचर पर काम कर रहा है। इसमें यूजर्स को किसी भी फोटो को शेयर करते हुए उसे एडिट करने का ऑप्शन मिलेगा। इस ऑप्शन का इस्तेमाल करके आप पूरी फोटो या फिर फोटो के किसी एक हिस्से को ब्लर कर सकते हैं। वॉट्सऐप ने दो ब्लर टूल का ऑप्शन दिया है। यूजर्स अपनी सुविधा के हिसाब से इनका इस्तेमाल कर सकेंगे।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### नाबार्ड परियोजना समीक्षा के लिए गठित हाई पावर कमेटी की बैठक सम्पन्न

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में नाबार्ड के अंतर्गत ग्रामीण आधारभूत सुविधा विकास निधि (आरआईडीएफ) पोषित परियोजनाओं की समीक्षा हेतु गठित हाई पावर कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में चालू वित्तीय वर्ष में नाबार्ड के अंतर्गत ऋण प्रस्तावों एवं प्रतिपूर्ति दावों और नाबार्ड द्वारा स्वीकृत विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य सचिव ने राज्य शासन के विभिन्न विभागों कृषि, सिंचाई, पी.एच.ई., लोक निर्माण, स्वास्थ्य, खाद्य तथा अन्य विभागों के अंतर्गत नाबार्ड द्वारा स्वीकृत ऋण परियोजनाओं के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। स्वीकृत ऋण की राशि निर्धारित समय सीमा में आहरित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। बैठक में नाबार्ड के पास आधारभूत सुविधा विकास निधि के अंतर्गत विचाराधीन ऋण प्रस्तावों पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश नाबार्ड के अधिकारियों को दिए गए।

### जलाराम बापा की 223 वीं जयंती गुजराती समाज के सदस्यों ने बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया

**गरियाबंद।** जलाराम बापा की 223 वीं जयंती महोत्सव नगर के गुजराती समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई। सोमवार को हरीश भाई ठक्कर के निवास जलराम बप्पा जयंती का धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।यहां,स्थापित जलाराम बापा की प्रतिमा की गुजराती समाज के लोगों ने पूजा की। वहीं, अभिषेक,पूजन,दीप दान,महाभोग का अनुष्ठान किए गए। महाआरती के बाद महिलाओं ने भजन कीर्तन कर जलाराम बापा का गुणगान किया। जयंती पर पूजन के बाद लोगों के बीच प्रसाद बांटा गया। पूजा में गुजराती समाज के सभी सदस्य शामिल हुए।समाज प्रमुख हरीश भाई ठक्कर ने जलाराम बप्पा जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बतलाया की महान संत जलाराम का जन्म संवत 1856 को कार्तिक शुक्ल सप्तमी को राजकोट के पास ग्राम वीरपुर में हुआ था उनके पिता प्रधान ठक्कर तथा माता राजबाई धार्मिक संस्कारों वाली महिला थी।

# संभागायुक्त द्वारा रबी हेतु खाद-बीज एवं गोधन न्याय योजना की गई समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** संभागायुक्त कार्यालय में संभागायुक्त महादेव कावरे द्वारा 01 नवम्बर से प्रारंभ हो रहे धान खरीदी के संबंध में तैयारी एवं बारदाने की उपलब्धता, संग्रहण केन्द्रो में तैयारी, परिवहन, मिलर्स के पंजीयन, कृषको के पंजीयन, रकबा संशोधन, फसल कटाई प्रयोग, गोधन न्याय योजना में गोबर विक्रेताओं को भुगतान स्व सहायता समूह को लाभांश वितरण, गोठान समितियो के लंबित भुगतान एवं रबी, खादबीज की उपलब्धता भंडारण वितरण के विषय पर समीक्षा की गई।



बैठक में संयुक्त संचालक कृषि आर.के. राठौर, सी.पी.दीपांकर खाद्य नियंत्रक, आशुतोष डडसेना सहायक पंजीयक सहकारिता, श्रीमती अपेक्षा व्यास मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, आकाश राही जिला प्रबंधक मार्कफेड, भौमिक बघेल डीएमओ दुर्ग उपस्थित थे।

डीएमओ, दुर्ग द्वारा अवगत कराया गया कि संभाग के कुल 591 उपार्जन केन्द्रो में वर्तमान में बारदानों की पर्याप्त व्यवस्था है, अधिकांश समितियों में बारदाने उपलब्ध कराए जा चुके है। उन्होने यह बताया कि धान खरीदी के पूर्व जिले के समस्त समितियों में बारदाने उपलब्ध करा दिए जाऐंगे। परिवहनकर्ताओं से अनुबंध कराने की कार्यवाही पूर्ण करा ली गई है।

खाद्य विभाग के अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 40 मिलरो के आवेदन पंजीयन हेतु प्राप्त हो चुके जिसका परीक्षण उपरांत 17 मिलर्स का पंजीयन जारी कर दिया गया है। शेष मिलरो का सत्यापन कार्य जारी है जिसे आगामी सप्ताह तक पूर्ण करा लिया जावेगा। रबी हेतु खाद के बारे में बताया गया कि वर्तमान में 3000 मि. टन यूरिया और 800 मि.टन डी.ए.पी. एवं 350 मि.टन एसएसपी एवं 300 मि.टन पोटाश उपलब्ध है समिति के मांग के अनुसार उपलब्ध कराया जा रहा है। बीज का भी भंडारण प्रारंभ हो चुका है जिले में पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध है आवश्यकतानुसार अन्य जिलो एवं राज्य के बाहर से भी बीज की व्यवस्था कर ली जावेगी।

श्री कावरे ने फसल कटाई प्रयोग हेतु राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के माध्यम से नियमत: सम्पन्न किए जाने के निर्देश दिए एवं अधिकारियों से कहा कि इस पर सतत् निगरानी रखे व पर्याप्त प्रचार-प्रसार किए जाने के निर्देश दिए। गोधन न्याय योजना के तहत गोबर विक्रेता एवं स्व-सहायता समूह को लाभांश वितरण की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि संबंधितो को पूर्ण भुगतान हो जावे। जिन गोबर विक्रेताओं का भुगतान आईएफएससी कोड या बैंक अकाउंट गलत होने के कारण भुगतान शेष रह जाता है ऐसे कृषको की सूची तत्काल उपलब्ध कराई जावे जिससे उनके खाते में सुधार की कार्यवाही पूर्ण कराई जा सके। स्व सहायता समूह को भी 15 दिवस के भीतर लाभांश की राशि उनके खाते में अंतरित की जावे। लंबित भुगतान शीघ्र करने के निर्देश दिए गए। संयुक्त संचालक कृषि आर.के. राठौर द्वारा बताया गया कि संभाग में कुल 2455625 क्विंटल गोबर खरीदी की गई है।

## देश की एकता-अखण्डता के लिए दौड़ा रायपुर

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर कलेक्टोरेट चौक से मरीन ड्राईव तक हुई दौड़

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस जवानों सहित स्कूल कॉलेजों के विद्यार्थी भी दौड़े**

**राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने की शपथ भी ली**

रायपुर। लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर देश की एकता-अखण्डता के लिए आज रायपुर ने भी दौड़ लगाई। आज जिला प्रशासन एवं खेल व युवा कल्याण विभाग द्वारा सुबह 7 बजे कलेक्टोरेट चौक से मरीन ड्राईव तेलीबांधा तक एकता दौड़ आयोजित की गई।



इस दौड़ में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, वरिष्ठ विधायक सत्यानारायण शर्मा सहित कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे, नगर पालिक निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ आकाश छिकारा और सीआरपीएफ के कमाण्डेंड श्री सिंह तथा जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी, स्कूल एवं कॉलेज की छात्र-छात्राएं, एनसीसी केडेट्स, एनएसएस के स्वयंसेवक, राजीव मितान क्लब के सदस्य, पुलिस जवान शामिल हुए।

एकता दौड़ में भाग लेने आए बच्चों में सुबह से ही काफी उत्साह था। सुबह 7 बजे कलेक्टर डॉ भुरे ने कलेक्टोरेट चौक से हरी झंडी दिखा कर एकता दौड़ शुरू की। डीएफओ कार्यालय, शंकर नगर चौक होते हुए जी.ई. रोड पर इस एकता दौड़ का समापन मरीन ड्राइव तेलीबांधा में हुआ। समापन स्थल पर विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा द्वारा दौड़ में शामिल प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता और अखण्डता तथा सुरक्षा को बनाए रखने के लिए तथा देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने की शपथ दिलाई गई।

समापन स्थल तेलीबांधा चौक पर रस्सी कूद खेल के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी श्री वासुदेव पटेल, श्री देवाशीष पटेल, श्री जय पटेल ने विभिन्न तरीकों से रस्सी कूदकर अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। बोरिया खुर्द निवासी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने योग कौशल का प्रदर्शन भी किया।

# उत्तर भारत के महापर्व छट पर गृहमंत्री ने दी बधाई



श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। उत्तर भारत के मुख्य त्यौहार की बधाई देने दुर्ग ग्रामीण विधायक व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू अल सुबह नेवई डेम पहुंचे। वे सूर्योदय के पहले ही डेम निकट पहुंचे और लोगों से मेल मुलाकात कर पर्व की बधाई दी। इस दौरान गृहमंत्री वेदी की पूजा अर्चना भी की। साथ ही ऊगते सूरज को नमन किया।

बाद में ताम्रध्वज साहू रिसाली निगम क्षेत्र के कल्याणी मंदिर तालाब और अंत में रूआबांधा तालाब पहुंचकर ऊगते सूरज को अर्ध देने पहुंचे और उत्तर भारतियों से मुलाकात की। ठंड होने की वजह से तालाब किनारे चना व चाय की नि:शुल्क व्यवस्था की गई थी। गृहमंत्री स्टाल तक पहुंचे और चाय वितरण व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेन्द्र साहू, महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, एमआईसी सद्स्य गोविन्द चतुर्वेदी, सोनिया देवांगन, परमेश्वर, पार्षद रेखा देवी, चन्द्रप्रकाश सिंह, विनय नेताम, डोमन लाल बारले, एल्डरमेन संगीता सिंह, शिशिर साहू, संध्या वर्मा, ब्लाक कांग्रेस के चन्द्रकांत कोरे, जाकीर खान, युवक कांग्रेस के दादू नागदेवे, सुरेन्द्र बाघमारे आदि उपस्थित थे।

# देश की एकता और अखंडता की शपथ लेकर एसएसबी जवानों ने लगाई दौड़, शपथ लेकर बनाई मानव श्रृंखला

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। देश की एकता और अखंडता के लिए स्स्क्रजवानों और अधिकारियों मानव श्रृंखला बनाकर शपथ ली। लोगों में जागरूकता लाने दौड़ लगाई। सोमवार को एकता दिवस के अवसर पर देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। एसएसबी जवानों ने दौड़ लगाकर आमजनों से देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की अपील की।



इस कार्यक्रम में सेक्टर हेडक्वार्टर डीआईजी थॉमस चाको, कमाण्डेंट अशोक ठाकुर, सेकंड इन कमान बांके बिहारी, डिप्टी कमांडेंट प्रियदर्शिनी निहारिका सिन्हा, असिस्टेंट कमाण्डेंट जयदेव सिंह सहित अन्य अधिकारी और जवान मौजूद थे।

**साइबर क्राइम अवेयरनेस पर हुआ सेमीनार :** डीआईजी थामस चाको ने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस के साथ-साथ नेशनल साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस मंथ के तहत कई जागरुकता कार्यक्रम भी एसएसबी के द्वारा चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में संदीक्षा समूह की सदस्यों के लिए साइबर क्राइम पर एक सेमीनार भी रखा गया।

जिसमें एसएसबी के इंस्पेक्टर पंकज ने साइबर क्राइम से बचने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर फ्रॉड में ज्यादातर लोग ओटीपी और दूसरे फर्जी लिंक भेजकर लोगों को झांसे में लेते हैं। इसलिए जरूरी है कि हम पहले ही सतर्क रहें। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राधा ठाकुर, डिप्टी कमांडेंट प्रियदर्शिनी निहारिका सिन्हा सहित कई महिलाएं मौजूद थीं।

# भाजपा जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया ने छठ महापर्व पर पूजा अर्चना की

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भाजपा जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया ने छठ महापर्व पर नेहरू नगर,स्मृति नगर ,शीतला ,बैकुंठधाम,रामनगर ,सेक्टर-2 ,हुडको ,सेक्टर-7,भिलाई क्लब ,मरोड़ा ,नेवई ,कोहका ,राधिका नगर तालाब में सभी श्रद्धालुओं से भेट की और सभी को छठ महापर्व की शुभकामनायें प्रेषित की और माता से प्रार्थना की सभी की मनोकामना पूर्ण करें।



साथ मैं वार्ड पार्षद चन्द्रेश्वरी बंधे ,पार्षद मुकेश अग्रवाल ,पार्षद भोला साहू ,पार्षद संतोष मौर्या ,पार्षद विनोद चेलक ,पार्षद महेश वर्मा ,पार्षद भोजराम सिन्हा ,पार्षद विधि साहू , पूर्व पार्षद जय प्रकाश यादव,रिंकू साहू ,श्रीनिवास राव,रश्मि सिंह , मंडल अध्यक्ष पाढ़ी जी,मंडल अध्यक्ष अनिल सोनी जी ,युवा मोर्चा से अमित मिश्रा ,सौरभ चटर्जी ,सौरभ जैस्वाल ,नितेश मिश्रा ,प्रशम दत्ता ,रितेश सिंह ,राहुल भोसले ,सोमेश त्रिवेदी ,पूर्व नेता प्रतिपक्ष संजय दानी ,संजय सिंह ,शिव सागर मिश्रा ,राम उपकार तिवारी ,प्रभु नाथ मिश्रा ,त्रिकेन्द्र सिंह ,अवध शाह ,राम कुमार राणा एवम अन्य देवतुल्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा व झांकी

**कोरबा।** जायसवाल कल्चुरी समाज के आराध्य देव सहस्त्रबाहु की जयंती सोमवार को सर्ववर्गीय जायसवाल समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर राम जानकी मंदिर पुराना बस स्टैंड, कोरबा से भव्य शोभा यात्रा व झांकी निकाली गई। इससे पहले राम जानकी मंदिर में पूजा-अर्चना की गई एवं भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी गई। सुसज्जित बग्घी पर विराजित भगवान सहस्त्रबाहु के आदमकद छायाचित्र के साथ शोभा यात्रा और झांकी नगर भ्रमण करते हुए मिशन रोड स्थित कल्चुरी समाज के भवन पहुंच कर संपन्न हुई।

























## खास खबर

### स्कूल में पढने वाली नाबालिग हुई गर्भवती, आरोपी युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** 16 साल की नाबालिग किशोरी को प्यार के जाल में फंसाकर पहले तो युवक ने उसका बलात्कार किया जब किशोरी गर्भवती हुई तो उसने मामले से पल्ला झाड़ लिया। पीड़ित किशोरी की परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। नेवई थाना पुलिस ने बताया कि बलात्कार के मामले में आरोपी कमल यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने 16 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार किया। किशोरी को पांच माह का गर्भ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376(2)(एन), 376(3), 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

नेवई थाना पुलिस ने बताया कि आरोपी कमल यादव आठवीं फेल है। उसने दो साल पूर्व किशोरी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। युवक ने उससे शादी का झांसा देकर बलात्कर किया। जब किशोरी गर्भवती हुई, तब परिजनों को इसकी जानकारी हुई। परिजन उसे लेकर थाना पहुंचे। शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस मामले में किशोरी के परिजनों ने पुलिस के सामने गर्भपात से संबंधी जानकारी मांगी। पुलिस ने बताया कि लड़की पांच माह से अधिक गर्भवती है। अब कानून के अनुसार उसका गर्भपात भी नहीं कराया जा सकता है। परिजनों ने आरोपी युवक को कड़ी सजा देने की मांग की है।

### मछली दाना चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** राखी थाना पुलिस ने मछली का दाना चोरी करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने राहुल यादव उर्फ आसिफ खान निवासी आररडीए कालोनी बोरियाखुर्द टिकरापारा और विश्राम मरावी उर्फ गोलू निवासी सरपानी थाना कुकदूर कवर्धा को गिरफ्तार किया है। राखी थाने में प्रार्थी कैलाश मंडल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। प्रार्थी माना कैंप स्थित एमएम फीश सीड कल्टीवेशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का संचालक है। प्रार्थी की कंपनी द्वारा ग्राम बेंद्री स्थित बीइटी कालेज के पीछे मछली पालन के लिए तालाब ठेके में लिया गया है। तालाब के पास छोटे अस्थायी मकान में मछली दाना व अन्य सामान रखा जाता है। जिसकी देखरेख करने के लिए चौकीदार रूद्रप्रकाश उर्फ लाला राम साहू को रखा गया है। प्रार्थी 16 अक्टूबर को सुबह 10 बजे तालाब को देखने गया तो चौकीदार ने बताया कि दो लोग पिकअप वाहन में आए थे।

# बेरहम मांः चार महीने की जिंदा बच्ची को कुएं में फेंककर बोली भूत उठा कर ले गया

श्रीकंचनपथ न्यूज




**बेमेतरा (ए)।** अपने पति के दुर्व्यवहार और बेरूखी से तंग आकर एक मां ने अपनी ही चार महीने की बच्ची को जिंदा कुएं में फेक कर उसकी हत्या कर दी। कुएं में गिरते ही मासूम की मौत हो गई। जब घर वालों को मासूम का शव मिला तो मां ने उन्हें भूत की झूठी कहानी सुना दी। कहने लगी कि बच्ची लापता हो गई थी उसके भूत उठाकर ले गया। ग्रामीणों की शिकायत के बाद आरोपी महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दिलदहला देने वाली यह घटना बेमेतरा जिले के नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम घोघरा की है।

### अंतिम संस्कार से पहले पहुंची पुलिस

यह पूरी वारदात 22 अक्टूबर की रात की है। अगले दिन 23 अक्टूबर की सुबह घोघरा गांव में कुएं में तैरती हुई राही यादव नाम की बच्ची की लाश मिली थी। शव मिलने के बाद परिजन बच्ची का अंतिम संस्कार करने वाले थे। इससे पहले ही पुलिस को इस बात की सूचना मिली गई और पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को बरामद किया। शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया था।

### पति के व्यवहार से थी दुखी

पुलिस को पहले से ही बच्ची की मां बबीता यादव(25) की बातों पर शक था। इसलिए पुलिस ने फिर से बबीता से पूछताछ की। तब बबीता ने अपना गुनाह कबूल किया और जो बताया वो दिल दहला देने वाला है। बबीता ने बताया कि मैंने ही अपनी बच्ची को जिंदा कुएं में फेंक दिया। मैंने इसलिए ऐसा किया क्योंकि मैं अपने पति चंद्रप्रकाश यादव (28) के व्यवहार से तंग आ गई थी। बबीता ने बताया कि बचपन से मैं अपने बड़े पिता के यहां रही। इसलिए मेरा पति मुझे मेरे बड़े पिता से जमीन मांगने के लिए कहता था। मगर मैंने उसे इनकार कर दिया था। इस वजह से वह बार-बार विवाद करता था। बच्ची को जन्म के बाद से देखता तक नहीं था।

# बेटी की शादी का कार्ड बांटने जा रहे पिता-पुत्र की रोड एक्सीडेंट में मौत



**राजनांदगांव।** नेशनल हाइवे में गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई जिससे कार में सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई। यह दर्दनाक सड़क दुर्घटना राजनांदगांव के पेण्ड्री की है। दोनों पिता-पुत्र घर में होने वाली बेटी की शादी का कार्ड बांटने के लिए निकले थे। बेटी की डोली उठने से पहले की रविवार को जब घर से दोनों की अर्थी उठी तो देखने वाले लोगों की आंखें नम हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोनों मृतक डोंगरगढ़ के रहने वाले थे।

पुलिस ने बताया कि शनिवार को राजनांदगांव पेण्ड्री के पास स्थानीय गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष हरभजन सिंह भाटिया और उनके पुत्र बॉबी परमजीत सिंह भाटिया दोनों की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इनकी बिटिया की शादी आगामी 11 नवंबर को होने वाली थी जिसका वैवाहिक कार्ड वितरण करने दोनों मृतक जा रहे थे। नेशनल हाइवे में गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में दोनों पिता व पुत्र की मौत हो गई।

### सिख समाज के लोगों ने बंद रखी दुकानें

सड़क हादसा शनिवार को हुआ था। दूसरे दिन रविवार को पिता-पुत्र दोनों की अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान बुधवारी पारा से निकाली गई। जिसमें सभी वर्ग के लोगों ने नम आंखों से शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। रविवार को डोंगरगढ़ शहर के सभी सिख समुदाय ने अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को बंद रखा।

# विदेशी डॉलर के लालच में महिला ने लुटाए 6.70 लाख रुपए

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में विदेशी डॉलर के लालखच में एक महिला लाखों की ठगी का शिकार हो गई। सोशल मीडिया के माध्यम से ठग ने महिला को झांसे में लिया। ठग ने 30 हजार डॉलर व गिफ्ट भेजने का झांसा दिया। झांसे में आकर महिला ने 6 लाख 70 हजार रुपए ठग के खाते में जमा करा दिए। आखिरकार जब माजरा समझ में आया तो महिला ने इसकी शिकायत दर्ज कराई। मामला रायपुर के आरंग थाना क्षेत्र का है।

आरंग पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कवर्धा निवासी महिला आरंग में अपने रिश्तेदार के घर पहुंची थी। महिला को एक मैसेज आया। जिसमें गिफ्ट व 30 हजार डॉलर देने की बात थी। महिला ने पति को इसकी जानकारी दी। पति से ऑनलाइन चेटिंग कर अज्ञात शख्स से बात की। ठग ने इन्हें झांसे में ले लिया। 30 हजार डॉलर व गिफ्ट पाने के चक्कर में महिला ने अलग अलग 12 किश्तों में ठग को 6.70 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए लेकिन इनका गिफ्ट नहीं मिला। ठग अलग अलग बहाने बनाकर महिला के झांसे में लेता था। महिला को जब समझ में आया उसके साथ ठगी हुई है तो उसने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। आरंग पुलिस ने इस मामले में अज्ञात शख्स के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# पिकनिक मनाने गए युवकों को कांग्रेस नेता जमकर पीटा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा जिले में एक कांग्रेस नेता ने अपने साथियों के साथ मिलकर पूर्व सरपंच की जमकर पिटाई कर दी। मामला जिले के पसान थाना क्षेत्र का है। जहां कांग्रेस नेता साथियों के साथ पिकनिक मनाने गया था। उसी दौरान उनका वहीं पिकनिक मना रहे कुछ युवकों से जमकर विवाद हो गया। इसी विवाद को सुलझाने पूर्व सरपंच मौके पर पहुंचा। कांग्रेस नेता ने गुंडागर्दी करते हुए साथियों के साथ उसे ही लाठी-डंडे से जमकर पीट दिया है। जिससे पूर्व सरपंच बुरी तरह घायल हो गया है। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बीच-बचाव करने पहुंचा था पूर्व सरपंच

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गौरेला-पेंड्रा-मरवाही का रहने वाला कांग्रेस नेता सालोमन केरकट्टा रविवार को अपने साथियों के साथ उतरदा पिकनिक स्पॉट पिकनिक मनाने पहुंचा था। इसी जगह कुछ और युवक भी पिकनिक मना रहे थे। ऐसे में किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में जमकर विवाद हो गया। धीरे-धीरे ये विवाद काफी बढ़ गया था। इसके बाद वहीं मौजूद कुछ लोगों ने पथरफोड़ के पूर्व सरपंच शिवशंकर कोचे को इस बात की सूचना दे दी तब शिवशंकर बीच बचाव करने पहुंच गया। आरोपी ने उन्हें भी नहीं छोड़ा।

### चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

पीड़ितों ने बताया कि कांग्रेस नेता शराब के नशे में था। पुलिस ने कांग्रेस नेता समेत 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश जारी है। पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोमवार को सामने आया है।

# मुरमुरा की आड़ में लाखों रुपए के मादक पदार्थ की तस्करी

**राजनांदगांव।** मुरमुरा बताकर जर्दा पान मसाला और गुटखा की तस्करी करने वाल एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चिचोला पुलिस ने नेशनल हाइवे के रास्ते जर्दा पान मसाला की तस्करी कर रहे वाहन चालक को गिरफ्तार कर कब्जे से 18 लाख 58 हजार रुपए का जर्दा गुटखा और पान मसाला जब्त किया है। आरोपी पुलिस को चकमा देने के लिए वाहन में भरे बोरों को मुरमुरा बता रहा था। तलाशी लेने पर खुलासा हुआ कि आरोपी युवक तंबाकू और जर्दायुक्त गुटखा की तस्करी कर रहा था।

### अवैध तस्करी कर रहा था आरोपी

एसपी प्रफुल्ल ठाकुर ने प्रेसवार्ता में बताया कि 30 अक्टूबर को सूचना मिली कि मालवाहक में भारी मात्रा में जर्दायुक्त गुटखा की अवैध तस्करी हो रही है। चिचोला प्रभारी चेतन सिंह चन्द्राकर अपनी टीम के साथ छुरिया मोड़ ग्राम बापूटोला के पास प्वाइंट लगाकर वाहनों की जांच करने लगे। तभी नागपुर की ओर से आ रहे मालवाहक वाहन क्रमांक एमएच 40 बीजी 2309 को रोककर चेक किया गया, जिसमें बिना कागजात अवैध रूप से कुल 18 लाख 58 हजार का तम्बाकू एवं पान मसाला मिला।

### गाड़ी का कागज भी नहीं दिखाया

वाहन चालक विक्रांत, पिता अशोक तिरपुड़े 28 साल निवासी साल्हेबरडी, साकोली जिला भंडारा से पूछताछ करने पर नागपुर में एक वाहन द्वारा लाकर देने पर अपने वाहन में मादक पदार्थ लोड करना बताया। वाहन चालक ने कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं किया। धारा 102 के तहत कार्रवाई कर वाहन और उसमें लोड माल को जब्त कर माल मालिक की तलाश की जा रही है।

# छत्तीसगढ़ पुलिस का बदमाश कांस्टेबलः चलती ट्रेन में युवती से कर रहा था छेड़छाड़, रेलवे पुलिस ने पहुंचाया जेल

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस के एक बदमाश कांस्टेबल को रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कांस्टेबल चलती ट्रेन में युवती से छेड़छाड़ कर रहा था। युवती ने रायपुर पहुंचने के बाद रेलवे पुलिस के पास शिकायत की। शिकायत के बाद आरपीएफ ने आरोपी पुलिस कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कॉन्स्टेबल का नाम उमाकांत पांडे है और वह रायपुर के माना स्थित वीआईपी बटालियन में पदस्थ है। छेड़छाड़ की शिकार युवती ने बताया कि वह अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस से रायपुर आ रही थी। बैकुंटपुर रेलवे स्टेशन पर कांस्टेबल उमाकांत पाण्डेय ट्रेन में चढ़ा। युवती बी-1 कोच में बैठी थी और उमाकांत भी युवती के पास बैठ गया। अकेली युवती को देखकर उमाकांत की नीयत बिगड़ गई और वह उससे छेड़छाड़ करने लगा।

युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि कांस्टेबल उमाकांत ने बहाने से उसकी कमर में हाथ डाला और फोन पर दिखावे के लिए अश्लील बातें भी कर रहा था। युवती ने बताया कि वह घबरा गई थी और मुंह दूसरी तरफ कर सो रही थी। इसके बाद उसने पास आकर छूना शुरू कर दिया और अपना प्राइवेट पार्ट पर हाथ फेरते हुए दिखाने की कोशिश करने लगा। यही नहीं विरोध करने पर वह पुलिस कांस्टेबल होने का धौंस भी दिखाने लगा था। इसके बाद युवती ने ट्रेन में ही आरपीएफ जवानों को इसकी शिकायत की। आरपीएफ जवानों ने उसे अनुपपुर रेलवे स्टेशन पर उतार दिया। इधर रायपुर में शिकायत होने के बाद केस डायरी बिलासपुर भेजी गई और इसके बाद रेलवे पुलिस ने आरोपी पुलिस कांस्टेबल को वीआईपी बटालियन पहुंचकर गिरफ्तार किया।

# फर्जी आबकारी उप निरीक्षक बनकर लोगों से ठगी करने वाला युवक गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा।** फर्जी आबकारी उपनिरीक्षक बनकर लोगों से ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक आबकारी उपनिरीक्षक की वर्दी पहनकर लोगों को अपने झांसे में लेकर लगातार वसूली कर रहा था। लोगों की शिकायत के बाद कबीरधाम जिले की पांडातराई पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसके कब्जे से आबकारी उपनिरीक्षक की वर्दी भी पुलिस ने बरामद की है।

दस हजार एडवांस लिया था युवक सेग्राम महली निवासी पीड़ित अक्षय चंद्रा ने पांडातराई थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि एक युवक स्वयं को आबकारी उपनिरीक्षक बताकर नौकरी लगाने के नाम



पर दस हजार रुपए ठग लिया है। युवक का नाम जगतारण कोसरिया है। आरोपी युवक ने आबकारी विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर 50 हजार रुपए की डिमांड की। 10 हजार रुपए एडवांस में लेकर फरार हो गया है। रिपोर्ट पर थाना पांडातराई में अपराध पंजीबद्ध कर धारा 170, 420 दर्ज कर विवेचना में लिया गया। तब जाकर आरोपी युवक पुलिस की गिरफ्त में आया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक के कब्जे से आबकारी उप निरीक्षक की वर्दी बरामद की गई है। इस वर्दी को पहनकर ही वह लोगों को अपने झांसे में लेता था। आरोपी जगतारण कोसरिया ने पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। जिसके बाद युवक के खिलाफ उचित वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है।

भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572





स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950